दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 65
कोटद्वार बुधवार
28 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## खांकरा-सिरोबगड़ के बीच खाई में गिरी कार, दो की मौत, चालक घायल

**रुद्रप्रयाग।** बदरीनाथ हाईवे पर खांकरा-सिरोबगड़ के बीच एक कार के खाई में गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। मरने वाली महिलाएं रिश्ते में मां-बेटी थीं। इस दुर्घटना में वाहन चालक बेहोश हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग लाया गया जहां बाद में उनकी स्थिति सामान्य हो पाई। सूचना मिलते ही पुलिस, आपदा प्रबंधन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर खाई से दोनों शवों को निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार देहरादून जा रही एक कार बदरीनाथ हाईवे पर खांकरा और सिरोबगड़ के बीच अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान वाहन चालक 48 वर्षीय महेंद्र सिंह रावत निवासी ग्राम टाट अगस्त्यमुनि पहले ही बाहर आ गए थे। जैसे ही वाहन खाई में गिरने लगा तो वह घटना को देखते ही बेहोश हो गए। जबकि वाहन में सवार उनकी पत्नी 45 वर्षीय मीनाक्षी निवासी टाट अगस्त्यमुनि और सास 60 वर्षीय कमला देवी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य निवासी नारायणकोटी, रुद्रप्रयाग की खाई में गिरने से मौत हो गई। जबकि चालक राजकीय इंटर कालेज तैला में शिक्षक हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार एवं कोतवाली निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी मय फोर्स मौके पर पहुंचे।

## मौसम को लेकर सीएम ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए सतर्क रहने के निर्देश

**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड में भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए हल्द्वानी पहुंचे सीएम धामी ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आपदा की दृष्टि से सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून पहुंच चुका है। लिहाजा एनडीआरएफ, पीडब्ल्यूडी, आईटीबीपी और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर रहते हुए कार्य करें। सीएम धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले यात्री मौसम विभाग के पूर्वानुमान और चेतावनी को देखते हुए ही आगे बढ़ें। कहा कि कावड़ यात्रा की तैयारी पूरी हो चुकी है। जो



कार्य रह गए हैं उन्हें भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2700 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर कब्जे को चिन्हित किया है। इसमें काफी कब्जे को हटाया भी जा चुका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह खुद ही कब्जे को खाली कर दें।

## हिमाचल में आई अचानक बाढ़ ने तबाही मचाई

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इन दिनों हिमाचल प्रदेश समेत भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल की पहाड़ियों में बारिश ने तबाही बरपा रखी है। राज्य में कई घर और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, यहां तक कि दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति लापता है। रविवार को क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ के कारण हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के औट के पास 200 से अधिक पर्यटक फंस गए थे। इस तरह की बाढ़ ने देश में अनेक समय पर जान और माल दोनों को नुकसान पहुंचाया है। जून 2013 में उत्तराखंड में हुई तबाही का कारण भी अचानक आई बाढ़ ही थी।



बीते हफ्ते अचानक आई बाढ़ ने हिमाचल में कहर बरपाया। इससे घरों से लेकर सड़कों तक को नुकसान पहुंचा। मंडी जिले के औट के पास खोती नाला में बाढ़ की रिपोर्ट के बाद मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया। पराशर झील के पास बागीपुल क्षेत्र में एक और अचानक आई बाढ़ के कारण मंडी-पराशर मार्ग पर बग्गी पुल के पास 200 से अधिक लोग फंस गए। अधिसूचना में कहा गया, 'इन राजमार्गों पर चलने वाले आम जनता/पर्यटकों को सलाह दी जाती है कि वे पहाड़ों से सटे सड़कों पर न रहें क्योंकि भूस्खलन/चट्टान गिरने का खतरा अधिक है।'हिमाचल के कांगड़ा शहर के कई हिस्सों में भी लगातार बारिश के बाद पानी भर गया। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ के कारण सोलन और हमीरपुर जिलों में दो लोग डूब गए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने घरों और सड़कों और पशु आश्रयों को नुकसान होने की सूचना दी। उनके अनुसार, अचानक आई बाढ़ में एक दर्जन से अधिक वाहन बह गए।

बारिश की वजह से एक विशेष प्रकार की बाढ़, जिससे थोड़े समय में नदी या नाले का जलस्तर बढ़ जाए। अमेरिकी मौसम विज्ञान एजेंसी नेशनल वेदर सर्विस के अनुसार, अचानक बाढ़ तब आती है, जब छह घंटे से भी कम समय में बारिश से जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। यह अक्सर भारी या अत्यधिक वर्षा के कारण होता है। यह स्थिति नदियों या झीलों के पास के क्षेत्रों में उत्पन्न हो सकती है।ब्रिटेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा का कहना है कि अचानक बाढ़ आमतौर पर वहां आती है जहां नदियां संकरी और ढलाननुमा होती हैं, इसलिए वे अधिक तेजी से बहती हैं। ये बाढ़ छोटी नदियों के पास स्थित क्षेत्रों में हो सकती हैं, क्योंकि सड़कें और कंक्रीट जैसी कठोर सतहें पानी को जमीन में अवशोषित नहीं होने देती हैं। एक तथ्य यह भी है कि कभी-कभी बारिश न होने पर भी आकस्मिक बाढ़ आ सकती है। उदाहरण के लिए, किसी तटबंध या बांध के टूटने के बाद या किसी मलबे या बर्फ के जमाव के कारण अचानक पानी छोड़े जाने के बाद।

### प्रदेश में लोकायुक्त को लेकर हाईकोर्ट सख्त

## सरकार को दिए आठ हफ्ते में नियुक्ति के आदेश

**नैनीताल।** नैनीताल हाईकोर्ट में आज लोकायुक्त की नियुक्ति व लोकायुक्त संस्थान को सुचारु रूप से संचालित किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सरकार को प्रदेश में आठ सप्ताह में लोकायुक्त की नियुक्ति के आदेश दिए हैं।

बता दें इससे पूर्व हुई सुनवाई में कोर्ट ने सरकार से शपथपत्र के माध्यम से यह बताने के लिए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए अभी तक क्या किया और संस्थान जब से बना है तब से 31 मार्च 2023 तक इस पर कितना खर्च हुआ। कोर्ट ने इसका वर्षवार विवरण पेश करने के लिए कहा था।

हल्द्वानी गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य सरकार ने अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की, जबकि संस्थान के नाम पर वार्षिक 2 से 3 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। जनहित याचिका में कहा गया कि कर्नाटक और मध्य प्रदेश में लोकायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है लेकिन उत्तराखंड में तमाम घोटाले हो रहे हैं।

छोटे से छोटा मामला हाईकोर्ट में लाना पड़ रहा है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया कि वर्तमान में राज्य की सभी जांच एजेंसी सरकार के अधीन हैं, जिसका पूरा नियंत्रण राज्य के राजनैतिक नेतृत्व के हाथों में है। वर्तमान में उत्तराखंड राज्य में कोई भी ऐसी जांच एजेंसी नहीं है जिसके पास यह अधिकार हो कि वह बिना शासन की पूर्वानुमति के किसी भी राजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत कर सके। विजिलेंस विभाग भी राज्य पुलिस का ही हिस्सा है, जिसका सम्पूर्ण नियंत्रण पुलिस मुख्यालय, सतर्कता विभाग या मुख्यमंत्री कार्यालय के पास रहता है।

## नदी में डूबने से सगे भाई बहन की मौत

**अल्मोड़ा।** नगर के पास विश्वनाथ क्षेत्र में बख निवासी भाई बहन की सुयाल नदी में डूबने से मौत हो गई। क्षेत्र के दो सगे भाई बहन 17 वर्षीय भावना व 16 वर्षीय आदित्य निवासी बख अल्मोड़ा सोमवार दिन में बाजार को निकले थे जिसके बाद उनकी कोई खबर नहीं थी। जाखनदेवी, अल्मोड़ा निवासी विनोद राठौर द्वारा स्व0 प्रकाश सिंह नेगी के बच्चे भावना नेगी व आदित्य नेगी निवासी बख अल्मोड़ा के रात्रि लगभग 08.00 बजे तक घर नहीं लौटने की सूचना कोतवाली अल्मोड़ा में दी गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार द्वारा रात्रि के समय में नाबालिग बच्चों के गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेकर शीघ्र बच्चों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर चौकी प्रभारी धारानौला दिनेश सिंह परिहार व पुलिस बल के साथ अल्मोड़ा विश्वनाथ क्षेत्र में तलाश प्रारम्भ की गई, सूचना पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद व एसडीआरएफ व अल्मोड़ा फायर यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची। सीओ अल्मोड़ा के नेतृत्व में रेस्क्यू टीमों द्वारा बच्चों की तलाश हेतु रात्रि में विश्वनाथ नदी के आस-पास सघन सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीम के सर्च अभियान के दौरान रात्रि समय करीब 1.00 बजे दोनों बच्चों भावना नेगी व आदित्य नेगी का शव विश्वनाथ नदी भैसोड़ाफार्म के पास से बरामद हुए। पुलिस द्वारा दोनों बच्चों के शवों का पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा भेजे गये। इस घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



# स्वीली में सड़क पहुंचने पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष डिमरी का किया भव्य स्वागत



रुद्रप्रयाग : जखोली ब्लॉक के ग्राम पंचायत स्वीली में सड़क मार्ग पहुंचने पर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष कृष्णानंद डिमरी का भव्य स्वागत किया। गांव में सड़क आने से उत्साहित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाया। जबकि स्वीली गांव की कंचन डिमरी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा पास करने पर उनका भी भव्य स्वागत किया गया।

जखोली ब्लॉक के ग्राम पंचायत स्वीली और डुंगरी गांव काफी समय से सड़क मार्ग से नहीं जुड़ पाए थे।

ग्रामीणों ने लंबे समय तक सड़क मार्ग के लिए संघर्ष किया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण संघर्ष समिति का गठन करके स्वीली गांव के सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णानंद डिमरी को अध्यक्ष बनाया। कृष्णानंद डिमरी लगातार सड़क निर्माण के लिए संघर्ष करते रहे। ग्रामीणों का आंदोलन सफल हुआ और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में स्वीली और डुंगरी गांव सड़क मार्ग से जुड़ गए। सड़क पहुंचने पर स्वीली गांव में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में समस्त ग्रामीणों की ओर से सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष कृष्णानंद डिमरी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही उन्हें चांदी का मुकुट भी पहनाया गया। अध्यक्ष कृष्णानंद डिमरी ने कहा कि सभी ग्रामीणों के सहयोग से आज स्वीली और डुंगरी गांव सड़क से जुड़ गए हैं। सड़क न होने के कारण गांवों से निरंतर पलायन जारी था। सडक निर्माण होने के बाद अब गांवों से हो रहे पलायन पर रोक लगेगी।

## ब्रांडेड के नाम बेचा जा रहा था मिलावटी आटा, केस दर्ज

देहरादून। ब्रांडेड आटे को देहरादून में निम्न स्तर का आटा मिलाकर बेचा जा रहा है। कंपनी की टीम ने दून के एक सुपर स्टोर में यह मामला पकड़ा है। आरोपी स्टोर संचालक के खिलाफ मुकदमा पटेलनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि आरएस रोलर फ्लोर मिल के मालिक राजकुमार मुंजाल ने शिकायत दी। बताया कि उनकी कंपनी चंदन भोग ब्रांड से आटा बेचती है। मुंजाल ने पुलिस को बताया कि उन्हें चंदन भोग के नाम से निम्न स्तर का आटा बेचे जाने की शिकायत मिली है। इस शिकायत पर उनके साथ पुलिस टीम को भेजा गया। टीम ने बंजारावाला स्थित डेली नीड दुकान पर छापा मारा गया। यहां पर 42 बैग 10–10 किलोग्राम वाले मिले। यह बैग ऐसे ही लग रहे थे जैसा कि उनकी कंपनी की पैकिंग रहती है।

# सीएम धामी ने की मंडल स्तरीय व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा मानसून सीजन के दृष्टिगत मंडल स्तरीय व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में तेजी लाये जाने के साथ योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता तथा समयबद्धता का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने मानसून के दौरान भारी बारिश के दृष्टिगत संभावित आपदा के प्रभावों को भी कम करने के लिये प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य करने को कहा। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से इस सम्बन्ध में सतर्कता एवं समन्वय से कार्य करने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने मानसून सत्र को देखते हुए सभी जिलाधिकारियों व सरकारी एजेंसियों को बरसात के सीजन में आने वाली आपदा के पुराने अनुभव को देखते हुए इस बार पुख्ता तैयारी करने के निर्देश दिए हैं । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी सहित लोक निर्माण विभाग और समस्त जिला प्रशासन को अलर्ट रहने को कहा गया है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को क्षेत्रों में सजगता व नजर बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह की आपदा के प्रभाव को कम कर बेहतर तरीके से राहत व बचाव का कार्य किया जाए। इसके लिये सभी निर्माण कार्यदायी संस्थायें अपने क्षेत्रों के बरसाती नालों में साफ–सफाई, झाड़ी–कटान का कार्य समय से पूर्ण करने पर ध्यान दें।

# बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को सर्वसमाज की बैठक



विकासनगर। बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और आपसी भाईचारे को कायम रखने को लेकर थाना सहसपुर व सेलाकुई थाना सर्वसमाज की गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सेलाकुई ने सभी से अपील की है कि त्योहार आपस में मिलजुलकर मनाएं, जिससे आपसी भाईचारे को बनाये रखा जा सके। गोष्ठी को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सहसपुर गिरीश नेगी और थानाध्यक्ष सेलाकुई मोहन सिंह ने बकरीद त्योहार को शांति एंव सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की गई। कहा कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से किसी धर्म विशेष के प्रति किसी भी प्रकार की प्रतिकूल टिप्पणी न करने तथा ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000 का का सभी पालन करें। त्योहार के दौरान सभी समुदायों से पुलिस को अपेक्षित सहयोग करने की अपील की गई। थानाध्यक्षों ने सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार भी भ्रामक, काल्पनिक सूचनाओं के प्रेषण से परहेज कहने की हिदायत दी गई।

## नालों का पानी सड़क पर आने से व्यापारी परेशान

देहरादून। कैंट क्षेत्र प्रेमनगर बाजार के व्यापारी नालों का गंदा पानी दुकानों के बाहर सड़क पर आने से परेशान हो गए हैं। प्रेमनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव पुंज, दुकानदार कुनाल ग्रोवर, रविंद्र खालसा, मोहित ग्रोवर, सन्नी कुमार, योगेश नागपाल आदि ने कहा कि नालों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। जिसके चलते ये नाले कई जगह चोक हो गए हैं। रोजाना प्रेमनगर चौक पर नाले का गंदा पानी बहने और जलभराव से दुकानदारों एवं ग्राहकों को परेशानियां हो रही है। उन्होंने कैंट बोर्ड से तत्काल नाले की सफाई कराने की मांग की।

# मैती मिलन कार्यक्रम लोक गीतों व कलेऊ वितरण के साथ सम्पन्न



नई टिहरी : बौराड़ी के निजी होटल में स्वदेशी जागरण मंच और अनुसूया देवी विकास समिति की ओर आयोजित द्वितीय मैती मिलन कार्यक्रम का स्थानीय लोग गीतों व कलेऊवितरण के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में समापन पर शामिल हुए टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कार्यक्रम के लिए आयोजकों की सराहना कर कहा कि ध्याणियों के सम्मान में आयोजित यह कार्यक्रम प्रशंसनीय है। मैती मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख महिलाओं में जाखणीधार प्रमुख सुनीता देवी, सुषमा उनियाल, विद्या नेगी, डा सीमा नौटियाल, उर्मिला राणा, मीना सेमवाल, मंजू चंद, कमला चमोली, रीना नौटियाल आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में गढ़वाल वेशभूषा पर आधारित फैशन शो का भी आयोजन किया। जिसमें स्थानीय महिलाओं ने जमकर प्रस्तुति की। जिसके बाद सुरगंगा महाविद्यालय के डा. विकास फौंदणी व सुनीता फौंदणी सहित उनकी टीम ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति में स्थानीय लोग गीत व नृत्य पेश किये। जिसमें जमकर प्रतिभागियों व मेहमानों ने आनंद लिया। मायके आई ध्याणियों को कलेउ में अर्से व रोटाने वितरण किया गया। जिसमें ध्याणियों ने अपना परिचय देते हुए मायके व ससुराल पक्ष के किस्सों को सुनाया। इस मौके पर सामाजिक क्षेत्र में काम करने वालों में रंजन भंडारी, महिमानंद नौटियाल, डा. उम्मेद सिंह नेगी और हरिकृष्ण लांबा को सम्मानित करने का भी काम किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेन्द्रनगर में विदेशी मेहमानों ने सीखें योग के गुर

नई टिहरी : नरेंद्रनगर में चल रहे जी-20 सम्मेलन में इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप (आईडब्ल्यूजी) की बैठक में आधारभूत ढांचे विकास को लेकर हो रही चर्चा के साथ विभिन्न देशों के अवस्थापना विकास के मॉडल पर भी मंथन किया जा रहा है। नरेंद्रनगर की वादियों में सुबह सवेरे विदेशी मेहमानों ने योग कर कई प्रकार के आसन भी सीखे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुभाष चंद के नेतृत्व में मंगलवार को जी-20 देशों के डेलीगेट्स ने सुबह छह बजे होटल वेस्टिन के लॉन में कई प्रकार के योगासन किए। उन्होंने बताया कि ब्राजील, स्विट्जरलैंड,जापान, अमेरिका, जर्मनी, इटली, यूएई, यूरोपियन यूनियन, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया समेत कई देशों के डेलीगेट्स ने योग की शुरुआत सूर्य नमस्कार से की। जिसके बाद प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, शीर्षासन, भुजंगासन सहित योग की कई क्रियाएं की। विदेशी मेहमानों ने भारतीय योग और दर्शन का विश्व में अलग ही स्थान बताया। (एजेंसी)

### पिरूल को हस्तशिल्प से जोड़कर महिलाएं बन सकती है आत्मनिर्भर

रुद्रप्रयाग : कुछ करने का हुनर है तो दुनिया में कोई भी काम ऐसा नहीं है जिसमें कामयाबी न पाई जा सके। अल्मोडा जनपद के द्वाराहाट के हाट गांव निवासी मंजू आर शाह भी कुछ इसी तरह काम कर रही है। अपनी बेजोड़ हस्तशिल्प कला से उन्होंने पहाड़ के जंगल में बड़ी मात्रा में पाए जाने वाले चीड़ के पत्तों (पिरूल) को आर्थिकी का जरिया बनाया है। इसी काम की बदौलत उन्हें पूरे देश में पिरूल वुमेन के नाम से जाना जा रहा है। कुमाऊं-मंडल के अल्मोड़ा जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज ताड़ीखेत में प्रयोगशाला सहायक पद पर कार्यरत मंजू शाह किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं।

अपनी बेजोड़ हस्तशिल्प कला से उन्होंने अपनी अलग ही पहचान बनाई है। उन्हें बेजोड़ हस्तशिल्प कला में पूरे देश में दर्जनों पुरस्कारों से सम्मानित भी किया जा चुका है।

# मुख्य सचिव ने की प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों संग वीसी माध्यम से 30 बिंदुओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 30 बिंदुओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव द्वारा पूर्व में सभी जिलाधिकारियों को 30 बिन्दुओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने हेतु सूची भेजी गयी थी, जिनको प्राथमिकता पर कार्य करने हेतु सुझाव अथवा आने वाली समस्याओं और उनके निराकरण पर सुझाव मांगे थे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इन पर कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि इन 30 बिन्दुओं की मॉनिटरिंग पोर्टल आधारित होगी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यों के सरलीकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि यह 30 बिन्दु राज्य की प्राथमिकता हैं। इनके लिए अगले एक सप्ताह में पोर्टल तैयार कर लिया जाएगा। इन कार्यों का पोर्टल आधारित अनुश्रवण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपदों को ही अपने लिए लक्ष्य निर्धारित करने होंगे। जनपद अपने लक्ष्य अपनी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित करेंगे। इन कार्यों को पूर्ण करने हेतु कैलेण्डर भी तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों द्वारा अपने अन्य प्राथमिकता पर आधारित कार्यों को भी इसमें जोड़ा जा सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि बहुत से कार्य पूर्व से चल रहे हैं, कुछ शीघ्र ही शुरू होने हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से घरों से कचरा प्रबंधन एवं निस्तारण, सरकारी संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड, जंगलों को आग से बचाने एवं स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पिरूल का निस्तारण एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# अंतिम व्यक्ति को मिल रहा योजनाओं का लाभ : निशंक



देहरादून। पूर्व सीएम एवं हरिद्वार सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने धर्मपुर मंडल के बूथ संख्या 159 पर कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी का संबोधन सुना। इस मौके पर डा. निशंक ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में चलाई जा रही योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में हुआ है। कहा कि एक–एक बूथ पर कई–कई लोग इन योजनाओं से लाभांवति हुए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का जो संकल्प नौ साल पहले लिया गया था, आज उसके सुफल परिणाम सामने आने लगे हैं। डा. निशंक ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत विशिष्टजनों से मुलाकात की। उन्हें केंद्र सरकार की नीतियों से अवगत कराया, साथ ही सरकार की योजनाओं से किस तरह से बदलाव समाज में आ रहा है, इस पर चर्चा की।

# कालसी में आधा घंटा जाम में फंसे रहे वाहन

विकासनगर। जौनसार–बावर के प्रवेश द्वार कालसी में बस अड्डा न होने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां मुख्य मार्ग पर ही वाहन खड़े रहते हैं, जिससे जाम के झाम से यातायात व्यवस्था बेलगाम हो जाती है। जिस कारण वाहन चालकों और पर्यटकों को फजीहत झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोग लंबे समय से बस अड्डा निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मंगलवार को भी बाजार में करीब आधा घंटा जाम लगा रहा। गंगोत्री, यमुनोत्री जाने वाले यात्री वाहन भी जाम में फंसे रहे। जौनसार–बावर का प्रवेश द्वार होने के चलते कालसी से हर रोज सैकड़ों वाहनों का आना–जाना लगा रहता है। चकराता जाने वाले पर्यटक गंगोत्री, यमुनोत्री जाने वाले तीर्थ यात्री भी कालसी से ही होकर जाते हैं। ऐसे में यहां बस अड्डा न होने से यात्रियों सहित स्थानीय निवासी फजीहत झेलने को मजबूर हैं। डेढ़ लाख की आबादी वाले जौनसार–बावर के 450 गांवों व मजरों के लिए आने–जाने वाला हर वाहन कालसी से ही होकर जाता जिसके चलते यहां हर रोज सैकड़ों वाहनों का तांता लगा रहता है, जिससे मुख्य बाजार में जाम स्थिति पैदा हो जाती है। मंगलवार को भी बाजार में जाम लगने से यात्री परेशान रहे। उमस भरी गर्मी में यात्रियों को वाहनों के अंदर ही रहने का मजबूर होना पड़ा। हैरानी की बात है कि इस दौरान कोई भी पुलिस कर्मी यातायात नियंत्रित करने के लिए बाजार में नहीं दिखाई दिया। स्थानीय निवासी सुल्तान सिंह, प्रेम सिंह, अवनीश शर्मा, व्यापारी सरदार सिंह ने बताया कि कालसी से ही एक दर्जन से अधिक मुख्य मार्गों सहित पांच दर्जन के करीब संपर्क मार्ग जुड़ते हैं। इन मार्गों सैकड़ों वाहनों में हजारों लोग प्रतिदिन अपने काम के सिलसिले में बाजार आते रहते हैं। अधिक वाहनों व अधिक भीड़ के चलते बाजार में हर रोज जाम लग जाता है, जिसके चलते व्यापारियों सहित स्थानीय लोगों व ग्राहकों दिक्कतें झेलनी पड़ती है। उधर, थानाध्यक्ष रविंद्र नेगी ने बताया कि यातायात सुचारु करने के लिए बाजार में नियमित तौर पर पुलिस की तैनाती की जाएगी।

## ईद सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर पुलिस ने पीस कमेटियों के साथ की बैठक

देहरादून। ईद पर्व को लेकर मसूरी में थाना प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने पीस कमेटियों के साथ ही सीएलजी सदस्यों के साथ गोष्ठी की। पर्व को सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही यातायात व अन्य समस्यायों के निराकरण के सम्बन्ध में भी सुझाव लिये गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बैठक में सभी लोगों ने त्योहार को सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील की और कहा कि मसूरी में लोगों के बीच वर्षों से जिस तरह का भाईचारा है, वह अभी भी है। यहां हर त्योहार अच्छे माहौल में मनाया जाता है।

# तबादला एक्ट के तहत 15 फीसदी पात्र चिकित्सकों के तबादले करने की मांग

देहरादून। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ के डॉक्टरों ने सरकार से तबादला एक्ट के तहत सभी 15 प्रतिशत पात्र चिकित्सकों के तबादले करने की मांग की है। इसके साथ ही डॉक्टरों ने पीजी की पढ़ाई कर रहे डॉक्टरों को पूरा वेतन देने व मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टरों की भांति पचास फीसदी अतिरिक्त वेतन देने की मांग उठाई।प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ की प्रदेश कार्यकारणी की मंगलवार को बैठक हुई। इस दौरान डॉक्टरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. मनोज वर्मा ने इस बात पर नाराजगी जताई कि सरकार ने उनकी मांगों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो डॉक्टरों को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।वर्मा ने कहा कि सरकार ने एक्ट के तहत महज पांच प्रतिशत डॉक्टरों के ही तबादले किए हैं। उन्होंने कहा कि एक्ट के तहत सभी पात्र 15 प्रतिशत डॉक्टरों के ट्रांसफर हों। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी को पर्वतीय क्षेत्रों में पचास फीसदी अतिरिक्त वेतन वाली व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के लिए भी करने की मांग की।उन्होंने कहा कि बीडीएस डॉक्टरों को भी बीस प्रतिशत अधिक वेतन दिया जाए। उन्होंने डॉक्टरों को डीएसीपी का लाभ देने, एसीआर की प्रक्रिया को व्यवहारिक व सरल बनाने, एसीआर के नए प्रपत्र को स्वीकार न करने, डेंटर कैडर के डॉक्टरों का अधिसंख्य पदों पर समायोजन करने की भी मांग की। इस दौरान संघ ने वरिष्ठ डॉक्टरों को सम्मान दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। साथ ही उन्होंने डॉक्टरों को आवास की सुविधा देने की भी मांग की।

इस अवसर पर डॉ तुहिन कुमार, डा प्रदीप राणा, डा आशुतोष, डा प्रताप रावत, डॉ राहुल लसपाल, डा रचित गर्ग, डा जेएस चुफाल, डा आनन्द शुक्ला, डा सीएस रावत, डा गरिमा पंत सहित अनेक डॉक्टर मौजूद रहे।

# पछुवादून में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा पीएम मोदी का कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद का लाइव प्रसारण



विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी के मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद का पछुवादून में कार्यकर्ताओं ने लाइव प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए टिप्स से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री की बातें हमेशा उत्साह बढ़ाने वाली होती हैं। इन बातों से राजनैतिक कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन तो मिलता ही है, इसके साथ ही व्यक्तिगत जीवन में भी सकारात्मक सोच और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरित होकर लाखों युवाओं ने स्टार्टअप शुरू किया, जिससे वे खुद के साथ ही अन्य लोगों को भी रोजगार मुहैया करा रहे हैं। कहा कि सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक मसलों पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। भाजपा उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि मंगलवार को देश भर के दस बूथ के तीन हजार कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री ने संवाद किया।

## महिला की आत्महत्या में ससुरालियों पर मुकदमा

देहरादून। विवाहित महिला की आत्महत्या मामले में सुसराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि बीते 25 जून को नीतू पत्नी बृज किशोर मनूडी ने आत्महत्या कर ली थी। बताया कि महिला की शादी 2009 में हुई थी। आरोप है ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करते थे। घटना के दिन भी ससुराल में महिला के साथ मारपीट की गई। महिला ने अपने भाई को इसकी वीडियो भेजी थी।

# दो लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आसनबाग हरबर्टपुर में एक पक्ष के लोगों की दो लोगों ने जमकर पिटाई की। आरोपियों ने पीड़ित पक्ष के साथ गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इलमचंद पुत्र वीरसिंह निवासी वार्ड संख्या चार आसनबाग हरबर्टपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जून को करीब दस बजे रात को शुभम पुत्र जयपाल निवासी वार्ड नंबर चार आसनबाग और अमन पुत्र नीरज निवासी वार्ड संख्या चार आसनबाग हरबर्टपुर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। जिस पर दोनों आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई की, जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। बताया कि आरोपियों ने उसको और परिजनों को गाली–गलौज किया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। बताया कि आरोपियों से उसको जानमाल का खतरा पैदा हो गया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गयी तो कभी भी उस पर जानलेवा हमला कर सकते हैं।

# नगर के विकास की खुली पोल, बारिश से पानी-पानी हुआ शहर

## निगम क्षेत्र में नालियों की सफाई नहीं होने से बढ़ी जल भराव की समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** भले ही नगर निगम शहर के बेहतर विकास के दावे कर रहा हो। लेकिन, हकीकत यह है कि हल्की बारिश में ही शहर पूरी तरह पानी-पानी हो जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मंगलवार को देखने को मिला। करीब आधे घंटे की बारिश से ही शहर की सड़कें पानी से लबालब भर गई। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वालों को उठानी पड़ी।

मंगलवार दोपहर कोटद्वार व आसपास के क्षेत्रों में आधे घंटे जमकर बारिश हुई। इस बारिश के दौरान जहां सड़कें नालियों में तब्दील हो गई, वहीं कई व्यापारियों की दुकानों में पानी घुस गया। दरअसल, नगर निगम शहर में गंदगी से भरी नालियों की सफाई भी नहीं करवा पा रहा है। नतीजा, हल्की बारिश में ही शहर की सड़कें पानी-पानी हो रही हैं।



कोटद्वार के झंडाचौक में पानी में डूबे दोपहिया वाहन।

सबसे बुरी स्थिति बदरीनाथ मार्ग, स्टेशन रोड, देवी रोड, आमपड़ाव, लकड़ीपडाव क्षेत्र में देखने को मिली। झंडा चौक पूरी तरह तालाब में तब्दील हो चुका था। चौक में खड़े दुपहिया वाहन पानी में डूबे नजर आए। स्टेशन रोड सहित क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी बारिश का पानी दुकानों में घुसा, जिससे व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ा। शहर वासियों ने कहा कि नियमानुसार, बरसात से पूर्व नालियों की सफाई की जाती है। लेकिन, नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में शहर वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनता के हित को देखते हुए जल्द नालियों की सफाई की जानी चाहिए।

# छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि :**

**पौड़ी :** राठ महाविद्यालय पैठाणी में छात्रा-छात्राओं ने नशे से दूर रहने और और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी दिए गए। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी ने छात्रों को शपथ लेने की अपील की थी। ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के बाद भी करीब 500 से अधिक छात्रों ने नशे के विरोध में ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त कर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। महाविद्यालय के एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डा. देव कृष्ण ने बताया कि करीब 1000 से अधिक युवा छात्र पहले ही नशे के खिलाफ संकल्प पत्र भर चुके हैं। जिन्होंने नशे के खिलाफ वातावरण तैयार करने की प्रतिज्ञा ली है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के संबोधन को सुना

**श्रीनगर गढ़वाल :** श्रीनगर भाजपा मंडल में महा जनसंपर्क अभियान के तहत मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदिति पैलेस में एकत्रित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोपाल से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को एलईडी के माध्यम से सुना। इस मौके पर श्रीनगर मंडल के संयोजक व जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली ने कहा कि अपने-अपने बूथ को जीत लिया तो कोई भी चुनाव हो उसको जीतना बहुत आसान हो जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपना बूथ जीता चुनाव जीता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर जोशी, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी ने बूथ स्तर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जा रहे कार्यों को पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रीति गोस्वामी, वासुदेव कंडारी, संजय गुप्ता, सौरभ पांडे, दिनेश पटवाल, हरि सिंह बिष्ट, कुशलानाथ, पूजा गौतम, गणेश प्रसाद टम्टा, पंकज रावत, अंजना डोभाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# अंजान व्यक्ति से दोस्ती पड़ी महंगी, कोल्डड्रिंक में नशा पिलाकर लाखों के जेवर व नगदी साफ

**सिम्मलचौड़ निवासी एक व्यक्ति ने घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को दी तहरीर**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति को अंजान व्यक्ति से दोस्ती महंगी पड़ गई। बदमाश दोस्ती के नाते घर आया और कोल्डड्रिंक में नशा पिलाकर व्यक्ति के घर पर रखे लाखों के जेवर, 50 हजार की नकदी, मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गया।

घटना के संबंध में सिम्मलचौड़ निवासी मोहन सिंह पाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें उसने बताया कि उसका भांजा यूपी पुलिस में एसआई के लिए चयनित हुआ है। वह उसे ट्रेनिंग के लिए इलाहबाद छोड़ने के लिए गया था। वहां पर उसकी एक युवक से बातचीत हुई। युवक ने स्वयं को आरपीएफ का जवान बताते हुए झांसी में तैनात बताया। इसके बाद उस युवक ने उसके साथ दोस्ती कर ली और फोन और फेसबुक पर बातचीत शुरू कर दी। सोमवार को उस युवक का फोन आया कि वह दुगड्डा में अपने जमीन के किसी काम से आ रहा है, वह मिलने के लिए आएगा।

परिवार के लोग कहीं बाहर गए हुए थे तो मोहन ने युवक को अपने घर पर बुला लिया। सोमवार शाम को युवक घर पर आया और उसके बाद दोनों ने कोल्डड्रिंक पी और इसके बाद वह बेहोश हो गया।

मंगलवार सुबह जब उसकी आंख खुली तो उसके गले में सोने की चेन, हाथ की सोने की अंगूठी, घर पर रखी बेटे की सोने की चेन, 50 हजार रुपये नकद, मोबाइल, बाईक और कार की चाभी गायब मिली। उसने पुलिस को तहरीर देकर बदमाश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# सौहार्द में डाला खलल तो होगी कानूनी कार्रवाई

## ईद उल-अजहा को लेकर एएसपी ने ली नागरिकों की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** ईद की व्यवस्थाओं को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने पीस कमेटी की बैठक ली। उन्होंने शहर वासियों से त्योहार को सौहार्द पूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कहा कि कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक ली। उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा को शांति पूर्वक संपन्न करवाने के लिए पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शहर के संदिग्ध इलकों में पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई है। प्रत्येक व्यक्ति पर पुलिस की नजर रहेगी। कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने



कोटद्वार कोतवाली में ईद की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक लेते एएसपी शेखर सुयाल

नागरिकों से भी संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। कहा कि त्योहार को भाईचारे के साथ संपन्न करवाया जाएं इसके लिए शहर वासियों को भी पुलिस का सहयोग करना होगा। ईद पर तैयारियां पूर्व की तरह ही रहेंगे। ईद के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे इसके लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। पुलिस ने लोगों से इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने वाली अफवाहों पर भी ध्यान न देने की अपील की। कहा कि पुलिस इंटरनेट मीडिया पर महौल खराब करने वालों पर भी नजर रखेगी।

# समिति ने किया पौड़ी परिसर का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में होने वाली नेशनल एसेशमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) की परीक्षा को लेकर विशेषज्ञ समिति ने पौड़ी परिसर का निरीक्षण किया। समिति ने परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विस्तार से जानकारी हासिल की। जीव विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. अनूप डोबरियाल ने समिति के सदस्यों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विशेषज्ञ समिति के प्रमुख प्रो.एमएस रावत, प्रो. जेपी पचौरी, प्रो. यूएस रावत, परिसर निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी, प्रो. अनूप पांडेय, प्रो. राजेश डंगवाल मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव जीत के लिए एकजुट होने का लिया संकल्प

## मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम व राष्ट्रीय अध्यक्ष का भाषण

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को वर्चुअल बैठक के माध्यम से सुना। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में जीत के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

कोटद्वार में बदरीनाथ मार्ग स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं से अपने बूथ पर सभी को साथ लेकर एकजुट होने का आह्वान किया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी आमजन की पार्टी है। केंद्र व प्रदेश सरकार जन हितों को लेकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार उन्नति की ओर बढ़ रहा है। भारत की दस प्रतिशत से



भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

अधिक जनसंख्या गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुकी है।

कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर केंद्र की सत्ता में भाजपा की सरकार बने इसके लिए हमें पूरी मेहनत से कार्य करना होगा। संगठन को धरातल पर मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता दर्शन सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट, मोहन सिंह नेगी, राकेश देवरानी, अनीता आर्य, रितु चमोली, गजेंद्र सिंह रावत, शांतनु रावत, महेंद्र सिंह नेगी, विनोद रावत, अमित नेगी, पंकज भाटिया, रजनी, हरीश खर्कवाल, हर्षवर्धन बिंजोला आदि मौजूद रहे।

# बीडीसी की बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति से भड़के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी :** बीडीसी की बैठक में अधिकारियों को अनुपस्थित देख सदस्य भड़क उठे और आक्रोश जताते हुए बहिष्कार कर दिया। मामला पोखड़ा ब्लॉक की बीडीसी बैठक का है। मंगलवार को पोखड़ा ब्लॉक की बीडीसी की बैठक प्रमुख प्रीति देवी की अध्यक्षता में शुरू हुई। सदस्यों ने बैठक शुरू होने के बाद पाया कि विभिन्न विभागों के अधिकांश अधिकारी सदन में उपस्थित नहीं थे। यह देख सभी सदस्य भड़क गए और जोर जोर से बोलते हुए अधिकारियों पर बीडीसी बैठक को अहमियत नहीं देने का आरोप लगाया।

पोखड़ा ब्लाक की बीडीसी राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में ब्लॉक प्रमुख प्रीति देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलास्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों के न पहुंचने पर ब्लॉक प्रमुख पोखडा सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने रोष जाहिर करते हुए सत्र की पहली बीडीसी बैठक का बहिष्कार कर दिया। बीडीओ के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भी भेजा। ब्लाक प्रमुख पोखडा प्रीति देवी ने कहा कि इससे पहले भी पोखड़ा ब्लाक की बीड़ीसी बैठक के प्रति अफसरों और कर्मचारियों का उदासीन रवैया देखने को मिला है। कहा कि इससे पहले आयोजित हुई बीडीसी बैठकों में जिला स्तरीय अफसर की कमी देखने को मिली है। जिससे दूर-दूर से आए जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता है, जिससे जनप्रतिनिधियों को रोष झेलना पड़ता है। इस मौके पर ज्येष्ठ उप प्रमुख विजय भारत सिंह, बीडीसी सदस्य सुमनलता ध्यानी, गिरीश चन्द्र मुंडेपी, विकेश सिंह, यशवीर सिंह, ग्राम प्रधान महिपाल सिंह, राजपाल सिंह, सोबन सिंह, दौलत सिंह किरन देवी , कामिनी बडोला सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ईद को लेकर पौड़ी पुलिस अलर्ट, सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी :** पौड़ी जिले में ईद को लेकर पुलिस महकमे ने कमर कस ली है। एसएसपी पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने अधिकारियों को ईद उल फितर पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था कड़े करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने को कहा है। कहा कि चारधाम यात्रा के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए ईद की नमाज सड़क पर न अदा हो इसका भी ध्यान रखा जाए।

बकरीद पर्व को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने पीस कमेटी की बैठक कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए जाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं। मंगलवार को सीओ और थाना प्रभारियों की बैठक लेते हुए एसएसपी ने अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों में बकरीद को शांति पूर्वक



एसएसपी पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ऑनलाइन बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

संपन्न कराए जाने के साथ ही साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने पर जोर दिया।

कहा कि स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाए और विभिन्न सम्प्रदाय के सदस्यों, संभ्रान्त नागरिकों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों आदि के साथ पीस कमेटी की बैठक कर ली जाए। एसएसपी ने कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए अफसर सतर्क रहें। चारधाम यात्रा की यातायात व्यवस्था को देखतु हुए मस्जिदों के अध्यक्ष व प्रबंधक बकरीद को शान्तिपूर्वक संपन्न कराए और नमाज रोड़ पर अदा न की जाए। एलआईयू निरीक्षक को सोशल मीडिया की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए संवेदनशील मामलों को तत्काल संज्ञान में लाने के लिए कहा गया।

# हाईवे के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने की मांग

**संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल :** श्रीनगर। श्रीनगर नगर आयुक्त एवं एसडीएम श्रीनगर से कीर्तिनगर पुल से स्वीत पुल तक करीब 6 किमी. के एरिया में हाईवे के दोनों ओर नाली एवं पटरी से शीघ्र अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई है। साथ ही वाहनों की गति सीमा नियंत्रित करने की मांग की गई है। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य कुशलानाथ ने इस संदर्भ में दिए ज्ञापन में कहा है कि अतिक्रमण के कारण रोड के दोनों ओर पैदल राहगीरों को दिक्कतें हो रही हैं। हाईवे पर आबादी में चार पहिया और दोपहिया वाहन की स्पीड नियंत्रण में न होने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने वाहन चलाने वाले चालकों का स्वास्थ्य एवं भौतिक सत्यापन के साथ उनकी कार्यक्षमता की भी जांच किये जाने की मांग की है। (एजेंसी)

# सार्वजनिक की जाएं इरशाद हुसैन आयोग की रिपोर्ट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन शाखा गढ़वाल मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक होटल के साभागार में बैठक हुई। बैठक में सरकार से इरशाद हुसैन आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की गई।

एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा ने 24 जून 2023 को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एसोसिएशन की ओर से सौंपे ज्ञापन का ब्यौरा दिया।

कहा कि ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इरशाद हुसैन आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, बीआरपी, सीआरपी पदों में आरक्षण व्यवस्था बहाल करने, प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरने और समय पर विद्यालयों में पुस्तकें उपलब्ध करवाने सहित अन्य मांगों पर कार्रवाई करने की अपील की गई है।

गढ़वाल मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार पाठक ने सदस्यता अभियान बढ़ाने, सभी जनपदों में नवीन जनपदीय कार्यकारिणी का गठन करने और सदस्यों के साथ वर्चुअल बैठक कर समस्याओं का समाधान करने का सुझाव प्रांतीय कार्यकारिणी के सम्मुख रखा।

बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी से प्रदेश महामंत्री महेंद्र प्रकाश व प्रदेश उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी व नंदकिशोर टम्टा ने प्रतिभाग किया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष भारत भूषण शाह, बृजेंद्र आर्य, शिवचरण आर्य, विपिन कुमार, विनोद आर्य, संजीव आर्य, दिलबर शाह और आशुतोष टम्टा सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# प्रतिभागियों ने किया व्यावसायिक मॉडल का प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि**

**श्रीनगर गढ़वाल :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड श्रीनगर में उद्यमशीलता की भावना का ज्ञानवर्धन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय आवासीय बूटकैंप कार्यक्रम का समापन हो गया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन पिचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने श्रोताओं और विशेषज्ञों के समक्ष अपने उद्यमी विचारों और अनुभवों के व्यावसायिक मॉडल का प्रदर्शन किया। जिनका मूल्यांकन करने के बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीपुर हरिद्वार के मानव चौहान, अगस्त्य पांडेय एवं पुलकित राजपूत की टीम को विजेता घोषित किया गया।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर) चंडीगढ़ के उद्यमिता और ग्रामीण विकास केंद्र के सहयोग से आयोजित इस बूटकैंप में राज्य के स्कूलों में अध्ययनरत आठवीं कक्षा से आगे के विद्यालयी छात्रों को उत्पाद डिजाइन, डिजाइन थिंकिंग, बिजनेस मॉडलिंग और उद्यम योजना आदि विषयों गहन अनुभवात्मक प्रशिक्षण दिया गया। एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन से प्रेरित और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के आत्मनिर्भर राज्य के दृष्टिकोण के आधार पर संकल्पित यह कार्यक्रम उन युवा नवप्रवर्तकों के लिए डिजाइन किया गया है, जो भविष्य में उद्यमिता का मार्ग अपनाकर नौकरी खोजने के बजाय रोजगार के अवसरों का निर्माण करके नौकरी प्रदाता बनना चाहते हैं।

इस मौके पर एचआईआईएमएस अस्पताल के आईपीडी प्रमुख डा. अनु भारद्वाज, अमित दास, एनआईटी के कुलसचिव डा. धर्मेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# आइसा का राज्य सम्मेलन 1 जुलाई को

**श्रीनगर गढ़वाल :** आगामी एक जुलाई को श्रीनगर गढ़वाल में छात्र संगठन आइसा का छठा राज्य सम्मेलन आयोजित होगा। जिसकी तैयारी जोरों पर है। आइसा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवानी पांडेय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि आइसा की ओर से उत्तराखंड में सालों से छात्रों, युवाओं के सवालों पर संघर्ष किया जा रहा है। इसके साथ ही उत्तराखंड के जल, जंगल, जमीन, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के सवालों पर एक मुखर आवाज आइसा की रही है। छठे राज्य सम्मेलन के बाद आइसा शिक्षा, स्वास्थ्य और नफरत के खिलाफ रोजगार के सवाल पर अपने संघर्ष को तेज करेगा। (एजेंसी)

# पूर्व सैनिकों ने दी जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में अनशन की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** शिकायत के बाद भी शहर की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में अनशन करने की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

परिषद कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शहर के बेहतर विकास को लेकर प्रदेश सरकार ने कोटद्वार नगर निगम का गठन किया था। लेकिन, नगर निगम सफाई व्यवस्था भी नहीं सुधार पा रहा है। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर संक्रामक बीमारियों को न्यौता दे रहे हैं।

कूड़ा निस्तारण के लिए नगर निगम ट्रेंचिंग ग्राउंड की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहा है। वहीं, शहर की सड़कों पर लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं ने भी जीना मुहाल कर दिया है। आए दिन आवारा गोवंश राहगीरों को घायल कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी नगर निगम व प्रशासन आवारा गोवंशों के संरक्षण को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। कहा कि जल्द ही बदरीनाथ मार्ग स्थित जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में अनशन किया जाएगा। इस मौके पर सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुरेश रावत, वीरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# बागेश्वर उपचुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार : हरीश रावत

हल्द्वानी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य सरकार से निकाय चुनाव और बागेश्वर उपचुनाव नीयत समय पर करने की बात कही। बोले, सरकार इसके लिए बरसात आदि का बहाना कतई न बनाए। रावत ने कुमाऊंके सभी कांग्रेस नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों से कहा है कि उन्हें उपचुनाव को जनता के हित में जीतना होगा।

नैनीताल रोड स्थित एक होटल में मंगलवार को पूर्व सीएम ने पत्रकार वार्ता की। कहा कि राज्य में बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। शासन अब तक 25 हजार पद भरे जाने की बात कह रहा है जबकि, हकीकत में 2500 पद भी नहीं भरे हैं।

यूकेपीएससी और यूकेट्रिपलएससी दोनों भर्ती एजेंसियां विफल हैं। महंगाई और बेरोजगारी राज्य के लिए कोढ़ में खाज बन गए हैं। आरोप लगाया दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बगैर सत्यापित लोगों को जमीनें बेची जा रहीं हैं। रिजॉर्ट्स ने नाम पर उत्तराखंड की संस्कृति को अपभ्रंश करने की कोशिश चल रही है।



रावत ने कहा कि सीएम के गड्ढा ऐप में लोगों ने 8000 शिकायतें फोटो भेजकर कीं। कितने गड्ढे भरे इसका कुछ पता नहीं है। बोले, जनता बिजली, पानी, डॉक्टरों, शिक्षकों की कमी से जूझ रही है। इन सभी प्रश्नों को लेकर कांग्रेस बागेश्वर उपचुनाव और निकाय चुनाव में लोगों के सामने जाएगी। यहां पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, नैनीताल कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, महेश शर्मा, हेमंत बगड्वाल, विजय सिजवाली, केदार पलड़िया, हरेंद्र क्वीरा, एनबी गुणवंत, मनोज शर्मा, पुष्पा नेगी, कमला, सतनाम सिंह, जीवन कार्की, संदीप भैंसोड़ा आदि मौजूद रहे।

## गोलज्यू महोत्सव में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ी

चम्पावत। गोलज्यू महोत्सव में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। मेले में बाहरी क्षेत्रों से आए दुकानदारों ने दुकानें सजाई हैं। सस्ते दाम में मिल रही खादी और अन्य सामान की लोग जम कर खरीदारी कर रहे हैं। चम्पावत गोरलचौड़ मैदान इन दिनों देर रात तक गुलजार हो रहा है। इन दुकानों में लोगों को खादी समेत अन्य घरेलू सामान सस्ता मिल रहा है। इस वजह से यहां से लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। झूले समेत मनोरंजन के तमाम साधन होने से महोत्सव बच्चों के आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है। पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा ने बताया कि महोत्सव में कुल 230 दुकानें लगाई गई हैं। इनमें कुछ दुकानें पालिका के लिए काम करने वाले एनजीओ ने लगाई हैं। जबकि 120 दुकानें बाहरी क्षेत्र के व्यापारियों को आवंटित की गई हैं। 48 दुकानें स्थानीय व्यापारियों ने लगाई हैं।

# सड़क किनारे नो पार्किंग में खड़े 43 वाहनों के चालान



अल्मोड़ा। जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु द्वारा नगर में सुव्यवस्थित यातायात प्रबन्धन हेतु सीओ ट्रैफिक व यातायात पुलिस अधिकारियों को सड़क किनारे नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। मंगलवार 27 जून को सीओ ट्रैफिक ओशिन जोशी के पर्यवेक्षण में अल्मोड़ा यातायात पुलिस द्वारा परिवहन विभाग के साथ नो पार्किंग के विरुद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर के धारानौला रोड पर करबला क्षेत्र से आफिसर्स कॉलोनी तक सड़क किनारे नो पार्किंग में वाहनों को खड़ा कर यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने पर कुल 43 वाहनों पर नो पार्किंग में चालानी कार्यवाही की गई। यहाँ चालानी कार्यवाही में इंटरसेप्टर प्रभारी अयूब अली, कांस्टेबल ललित बिष्ट व परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. मंजूबाला सम्मानित



चम्पावत। शिक्षण सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए बाराकोट ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय च्यूरानी की प्रधानाध्यापिका डॉ. मंजूबाला को सम्मानित किया गया है। यूएसनगर में आयोजित मिशन शिक्षण संवाद शिविर में उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। सराहनीय और उल्लेखनीय कार्यों व बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाने के लिए उनका सम्मान किया गया है। मिशन शिक्षण संवाद के राष्ट्रीय संयोजक विमल कुमार ने डॉ. मंजूबाला को प्रशस्ति पत्र देकर हौंसला बढ़ाया।

## 1 जुलाई से होगी फुटबॉल प्रतियोगिता

चम्पावत। छमनियांचौड़ स्टेडियम में एक जुलाई से जय गलचौड़ा बाबा सीजन–टू फुटबॉल प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चम्पावत, लोहाघाट, पिथौरागढ़, रानीखेत, खटीमा, धारचूला समेत कुल आठ टीमों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष मंटू ओली ने बताया कि एक जुलाई को प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक खुशाल सिंह अधिकारी और सतीश पांडेय करेंगे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार, उप विजेता टीम को 21 हजार रुपये की नकद धनराशि दी जाएगी। आयोजक समिति के मयंक ओली,शंकर चनकंयाल, सुधीर चतुर्वेदी, शंकर बोहरा, संजय चतुर्वेदी तैयारी में जुटे हुए हैं।

# ताड़ीखेत के सिंगोली गांव में गुलदार ने महिला पर हमला कर किया जख्मी

अल्मोड़ा। जनपद के ताड़ीखेत विकासखण्ड अंतर्गत सिंगोली गांव में खेत मे घास काट रही महिला पर गुलदार ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। परिवार व ग्रामीण द्वारा महिला को राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में भर्ती कराया गया है। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि घायल महिला के सिर मे चोट लगी है, जिसमें लगभग 12 टांके लगे हैं। मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे ताड़ीखेत विकास खंड अंतर्गत ग्राम सिंगोली में खेत में घास काट रही कमला देवी (65वर्ष) पत्नी स्व मोहन सिंह को गुलदार ने हमला कर बुरी तरह ज़ख्मी कर दिया। शोर मचाने पर गुलदार भाग खड़ा हुआ। घायल महिला को यहाँ गोविन्द सिंह माहरा राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।कमला देवी के पुत्र नन्दन सिंह ने कहा कि सुबह 8 बजे वह अपनी गायों को चराने के लिए जंगल ले गया था। 9:30 बजे करीब उनकी माँ घास काटने के लिए वहाँ आई थी। उस समय बाघ ने उन पर हमला कर दिया। उनके पूरे चेहरे और शरीर पर बाघ के पंजों के निशान हैं। अपने बचाव में उन्होंने बाघ के पंजे पर दराती से हमला कर दिया और शोर मचाया तो गुलदार वहाँ से भाग गया। रेंजर तापस मिश्रा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इलाके में गश्त की गई। पिंजरा लगाने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है,



# अधिकारी विकास का रोड मैप तैयार करेंः सचिव सीएम

बागेश्वर। सचिव मुख्यमंत्री, आवास, वित्त विभाग सुरेंद्र नारायण पांडे ने कहा कि विकास का रोड मैप तैयार करें। आर्थिकी मजबूत करना और सत्त विकास का लक्ष्य प्राप्त करना है।

केंद्र ओर राज्य की विकास योजनाओं से आगामी वर्षों में जिले और राज्य की आय में वृद्धि हो सकेगी। विकास भवन सभागार पर विकास की धूरी विषय पर संगोष्ठी को सचिव मुख्यमंत्री पांडे संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमित संशाधनों का सही उपयोग करना हे। पांच वर्ष में अधिकाधिक विकास करना है। मानिटरिंग भी की जाएगी। अधिकारी आनलाइन डाटा डेसबोड्र नियमित देखें। अपनी आदत में सुधार करें। ताकि तकनीकी का अधिकाधिक उपयोग हो सके। राज्य सरकार ने विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। जिला, राज्य, केंद्र सेक्टर, वित्त आयोग, सांसद विधायक निधि आदि विकास के लिए प्रमुख साधन हैं।



## कौसानी में जुटेंगे उत्तराखंड के साहित्यकार

बागेश्वर। बालप्रहरी और बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा के संयोजन में अनासक्ति आश्रम कौसानी में 29 व 30 सितंबर को 'बाल साहित्य और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा के सचिव उदय किरौला ने बताया कि दो दिवसीय संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निदेशक आरपी सिंह तथा बाल वाणी पत्रिका की डॉ. अमिता दुबे के साथ ही सोबनसिंह जीना विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. जगतसिंहपुर बिष्ट, सहित उत्तराखंड के लगभग पांच दर्जन साहित्यकार प्रतिभाग करेंगे।

# बागेश्वर पहुंची गुरिल्ला संगठन की यात्रा, नुमाइश खेत में हुई सभा

बागेश्वर। एसएसबी स्वयंसेवक कल्याण समिति (गुरिल्ला संगठन) जनजागरण रथ यात्रा डीडीहाट, थल, पिथौरागढ़ से बागेश्वर पहुंची। यात्रा में आए सदस्यों ने बागनाथ मंदिर दर्शन किए। उसके बाद नुमाइश खेत में एक सभा आयोजित की गई। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने कहा कि गुरिल्लों की मांग केवल अपनी नौकरी पैंशन की नहीं है। हमारी मांग का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह सीमा की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। गुरिल्ला सुरक्षा प्रणाली के समाप्त होने के बाद अलगाव वादी ताकतें सीमावर्ती क्षेत्रों में फिर से सक्रिय हो गई हैं। सरकार को गुरिल्लों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा एवं राष्ट्र हित में किए गए कार्यों का संज्ञान लेकर सीमाओं में शांति व्यवस्था बनाने में उनका उपयोग करना चाहिए। राज्य सरकार गुरिल्लों को होम गार्ड, पीआरडी के माध्यम से विभिन्न विभागों में भर्ती करने का निर्णय तो लेती है, लेकिन उनसे कम प्रशिक्षित लोगों से कार्य लेती है।



# संकटग्रस्त प्रजातियों, कीड़ा जड़ी, बुरांश प्रजाति पर शोध और इनके संरक्षण की आवश्यकताः अजय टम्टा

अल्मोड़ा। गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी–कटारमल तथा राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबन्धन केन्द्र चेन्नई द्वारा भारत की जी 20 की अध्यक्षता और बदलती जलवायु के तहत हिमालयी समाजों को बनाए रखने के लिए हरित–विकास रणनीतियाँः नीति, मार्ग और उपकरण विषय पर दो दिवसीय (27–28 जून 2023) राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन की शुरुआत संस्थान के निदेश-ाक और गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वन्दना के द्वारा हुई। अपने स्वागत उद्बोधन में संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता हेतु सबका आभार जताया और उन्हें संस्थान तथा इसकी क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा हिमालयी क्षेत्रों में विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर किये जा रहे विभिन्न विकासात्मक कायो और हितधारकों द्वारा लिये जा रहे लाभों से सबको अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय इस सम्मेलन के माध्यम से हमें एक दूसरे की बातों को सुनने और मनन करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने भारतीय हिमालयी क्षेत्रों में जल सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन, समाज की आजीविका, सतत विकास के लिए जैव विविधता, वर्ष 2020–2025 के लिए अनुसंधान एवं विकास, भारत की जी 20 की प्राथमिकताएं, हरित भारत के लिए रोडमैप पंचामृत, एक हिमालय एक नीति जैसे ज्वलन्त मुद्दों से सबको अवगत कराया।अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अजय टम्टा ने संस्थान द्वारा किये जा रहे विभिन्न विकासात्मक कायो और संस्थान को इस सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न संस्थानों को जोड़ने की प्रशंसा की। उन्होंने संस्थान द्वारा समय समय पर आयोजित इस तरह के सम्मेलनों का शोधार्थियों को अधिक से अधिक आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना पर्यावरण के मानव और बिना मानव के पर्यावरण की कल्पना नहीं की जा सकती है, अतः हम सबको मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने संकटग्रस्त प्रजातियों, कीड़ा जड़ी, बुरांश प्रजाति पर शोध और इनके संरक्षण की आवश्यकता जताई और संस्थान से इनके संरक्षण हेतु अपील की।कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि और पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सचिव हेम पाण्डे ने संस्थान द्वारा चलायी जा रही विभिन्न परियोजनाओं को धरातली स्तर पर लागू करने हेतु संस्थान की सराहना की और कहा कि हमें पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के साथ छेड़छाड़ किये बिना इनका संरक्षण कर पर्यावरण को बचाना है। उन्होंने कहा कि हमें भयावह दृष्टिकोण, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का मूल्यांकन और पर्यावरण प्रणाली की निगरानी की नितान्त आवश्यकता है। विवेकानन्द पर्वतीय संस्थान के निदेशक डॉ लक्ष्मीकांत ने पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम के अनुकूल कृषि और इसके द्वारा अधिक से अधिक जीविकापार्जन करने पर अपने विचार साझा किये। पर्यावरण सेवा निधि के निदेशक पदमश्री डॉ ललित पाण्डे ने कहा कि आज मानव विकास की चाह में अपनी पुरानी प्रथाओं और रीति रिवाजों को भूलते जा रहा है जो समाज के लिए घातक है। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं की समाज में कम सहभागिता पर अपनी चिंता व्यक्त की।प्लेनरी लेक्चर में मुख्य वक्ता पदमश्री डॉ वी पी डिमरी ने हिमालयी राज्यों में प्राकृतिक आपदाएँ उत्तराखंड के विशेष संदर्भ में विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया और सबको मानव जनित और प्राकृतिक आपदाओं से अवगत कराया। उन्होंने 1970 के गोहना लेक आपदा, 2013 की केदारनाथ आपदा और 2022 की जोशीमठ आपदा और हिमालयी क्षेत्रो में विगत 100 वर्षो में आये भूकम्पों और भूकंप के अग्रदूतों से भी सबको अवगत कराया।वहीं प्लेनरी लेक्चर में मुख्य वक्ता बी एस बोनाल ने नाजुक युवा हिमालय में विकास विशेष रूप से धारचूला घाटी उत्तराखंड में धौली गंगा में सड़कों और जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण विषय पर व्याख्यान दिया और दारमा, व्यांस और चौंदास वैली में विभिन्न औषधीय पौधों और बागवानी तथा इन क्षेत्रो में हो रहे विभिन्न निर्माण कायो के द्वारा पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र को हो रहे नुकसान से सबको अवगत कराया और ब्लास्टिंग पर प्रतिबंध लगाने को कहा।कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ वी.पी. डिमरी और डॉ संजीव बच्चर की अध्यक्षता में भूमि, जल और आर्द्रभूमि विषय पर परिचर्चा हुई जिसमें राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबन्धन केन्द्र चेन्नई के डॉ ए. पनीरसेल्वम द्वारा तटीय आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी प्रणालियों में कार्बन पृथक्करण तथा भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून के डॉ सुदीप गांगुली के रिफाइनरी धाराओं का डिसल्फराइजेशनः एक ऊर्जा कुशल और पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण विषय पर अपना व्याख्यान दिया।



# सरकार की योजनाओं का किया प्रचार



चम्पावत। चौमेल क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाजनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बताई। बाराकोट के भाजपा मंडल महामंत्री अजय बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत लोगों की समस्याओं को पूछा। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम धामी के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को गिनाया। यहां जिला किसान मोर्चा के नीति अनुसंधान प्रभारी मनोज सिंह, कुलदीप फत्र्याल, भूपाल बिष्ट, श्याम सिंह पंवार, हरीश कुमार रहे।

## मुनाफे के लालच में पूर्व सैनिक से 20 लाख रुपये की ठगी

हल्द्वानी। काठगोदाम थाना क्षेत्र निवासी एक पूर्व फौजी ठगी के शिकार हो गए।

शातिर ठग ने उन्हें क्रिप्टो करेंसी में रुपये लगाकर मुनाफा कमाने का झांसा दिया और 20 लाख रुपये की ठगी कर ली। एसएसपी पंकज भट्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सैनिक कॉलोनी निवासी पूर्व फौजी का कहना है कि पिछले साल अगस्त में कालाढूंगी निवासी हरीश चंद्र भट्ट नामक व्यक्ति ने उनकी मुलाकात सौरभ पंत निवासी नबादा उत्तमनगर वेस्ट दिल्ली से करवाई। सौरभ ने उन्हें बताया कि वह क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर तीन माह में रकम को तीन गुना लौटाता है।

# शहर के मुख्य चौराहों पर मुख्य स्थानों के नाम के साइन बोर्ड तत्काल लगाएंः जिलाधिकारी

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर पूर्व में दिये गये निर्देशों पर विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कहा कि बैठक में समिति द्वारा वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विभागों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए जाते हैं उन्हें संबंधित अधिकारी विभागीय कार्यवाही करते हुए आगामी बैठक में उपलब्ध कराए।उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा तंत्र को प्रभावी बनाते हुए शून्य दुर्घटना विजन स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच समयबद्धता के साथ करते हुये पोर्टल पर अपलोड की जाए।

जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थलों पर क्रैश बैरियर लगाने, वाहन चालकों के लाईसेंस की जांच व वाहनों की निरंतर फिटनेस विश्लेषण व मोटरयान कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों का समय–समय पर चिकित्सकीय परीक्षण भी कराने के निर्देश पुलिस विभाग, संभागीय परिवहन अधिकारी के अधिकारियों को दिए।



# सरकार अतिथि शिक्षकों को गृह जनपद में भेजने का जीओ जारी करें

नई टिहरी : चंबा में अतिथि शिक्षकों ने बैठक कर सरकार से उनकी तैनाती गृह जनपद में करने की मांग की है। कहा कि उनकी नियुक्ति को तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन सरकार ने शिक्षकों को गृह जनपद भेजने का जीओ जारी नहीं किया है। जिससे अतिथि शिक्षकों में रोष बना है। मंगलवार को चंबा बाजार स्थित एक निजी होटल में अतिथि शिक्षकों ने बैठक की। अतिथि शिक्षिका सविता रावत और लक्ष्मी पंवार ने कहा कि अतिथि शिक्षकों को सरकार ने एक जिले से दूसरे जिले के दूरस्थ विद्यालयों में तैनाती दे रखी है। जिसके कारण शिक्षकों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ है। कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में अतिथि शिक्षकों को गृह जनपद में तैनाती देने की बात कही थी। लेकिन नियुक्ति के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें गृह जनपद नहीं भेजा गया है। कहा कि अतिथि शिक्षकों को साल में केवल 12 आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त कोई अन्य अवकाश की सुविधा भी नहीं दी गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी से अतिथि शिक्षकों को उनके गृह जनपद में नियुक्त करने की मांग की है। बैठक में शैलेन्द्र सेमवाल, अंबी रावत, सुमन, पूजा, नीलम, सोनी, धनपाल सिंह, मनोज, रोहित गुसाईं, शेर सिंह भंडारी, ओम प्रकाश भट्ट, सुनील, दीपक, रोहित गुसाईं आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

### बारिश से सेलाकुई में हाईवे जलमग्न , यातायात हुआ प्रभावित

विकासनगर। पछुवादून में हो रही बारिश से जलभराव की समस्या बढ़ गई है। मंगलवार दोपहर बाद हुई बारिश से औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई में देहरादून–पांवटा राष्ट्रीय राजमार्ग जलमग्न हो गया, जिससे यातायात भी प्रभावित रहा। राजधानी देहरादून से सटी औद्योगिक नगरी सेलाकुई नवगठित नगर पंचायत है। देहरादून शहर से नजदीकी होने के कारण बसागत के लिए यह लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। नगर पंचायत के गठन के बाद लोगों को इस औद्योगिक नगरी की दशा सुधरने की उम्मीद जगी थी, लेकिन बीते चार साल में भी कोई परिवर्तन नहीं आया। मंगलवार को हुई बारिश से पूरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जल भराव हो गया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

## केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

रुद्रप्रयाग : भाजपा कार्यकर्ताओं ने जखोली में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने पर लाभार्थी सम्मेलन आयोजित कर महाजनसंपर्क अभियान चलाया। ब्लाक सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह की अध्यक्षता में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक भरत सिंह चौधरी ने केंद्र की मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अभूतपूर्व तरक्की कर रहा है। कहा है सरकार गरीबों के लिए आवास योजना के तहत पक्के घर, आयुष्मान भारत योजना सहित उज्जवला गैस सिलेंडर आदि अनेक कल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने सभी पात्र लोगों से केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। इस मौके पर आरती रावत ने सरकार की कल्याणकारी नीतियों पर आधारित गढ़वाली गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों को सुनाया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य वाचस्पति सेमवाल, कार्यक्रम संयोजक विधायक प्रतिनिधि व क्षेपंस भूपेंद्र भण्डारी, मंडल अध्यक्ष जखोली धूम सिंह राणा, जेपी सेमवाल, यशवीर चौहान, सुरेंद्र बिष्ट, घनश्याम पुरोहित, मेहरबान रावत, ओपी बहुगुणा, संजय पाल नेगी, सतीश जोशी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# बदरीनाथ धाम की प्रह्लाद और कुर्म धारा को पौराणिक स्वरूप में लाया जाए

चमोली : बदरीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत ने धाम की प्रह्लाद धारा और कुर्म धारा को पौराणिक स्वरूप में लाने की मांग की है। पंचायत में पदाधिकारियों ने कहा कि धाम में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य से प्रह्लाद धारा, कुर्म धारा, शेषनेत्र आदि पौराणिक धार्मिक स्थलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। चमोली के पाखी में आयोजित श्री बदरीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत की बैठक आशुतोष डिमरी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से शासन से मांग की गई कि डिमरी पुजारियों सहित सभी हक हकुकधारियों को मंदिर के समीप आवासीय भवन उपलब्ध करवाए जाएं। जिससे यथा समय मंदिर की पूजा व्यवस्थाएं संपादित हो सके। बैठक में सदस्यों ने भारी नाराजगी जताई कि मंदिर परिसर में लक्ष्मी मंदिर, कामधैनू, चरणामृत आदि पूजा स्थलों में बिना छत के बरसात का पानी टपकने से पुजारियों और तीर्थयात्रियों को पूजा और दर्शन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्यों ने पिछले वर्षों से गाडूघड़ा तेलकलश यात्रा और नारद उत्सव में दी जाने वाली सहयोग राशि का भुगतान करने की मांग मंदिर समिति से की है। साथ ही आगामी माह में आयोजित होने वाले नारद उत्सव की सूचना समय पर दी जाने की मांग की है। जिससे नारद उत्सव को भव्य रुप से मनाया जा सके। मंदिर समिति के पूर्व सदस्य हरीश डिमरी ने कहा कि मंदिर समिति बदरीनाथ धाम में मंदिर समिति पुजारियों और हकहकूक धारियों के अधिकारों पर अतिक्रमण करने का षड़यंत्र कर रही है। बैठक में उपाध्यक्ष भाष्कर डिमरी, सचिव भगवती प्रसाद डिमरी, डिम्मर–उमट्टा पंचायत के सरपंच विजयराम डिमरी, रविग्राम पाखी पंचायत के सरपंच भोला प्रसाद डिमरी, महेश प्रसाद, हर्षवर्धन डिमरी, गोवर्धन प्रसाद, प्रकाश चंद्र डिमरी, प्रभुकांत डिमरी, शैलेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश, नरेश चंद्र, हरीश डिमरी, कमलेश डिमरी, मदन प्रसाद आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# कोश्यार के कार्यालयों को पेटब में स्थापित किया जाए : किशोर

नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि टिहरी बांध निर्माण के कारण सरकारी व जन सुविधाओं से सम्बंधित कार्यालयों की स्थिति चिंतनीय है। एक कार्य के लिए आम लोगों कई स्थानों पर दौड़ भाग करनी पड़ती है। इसलिए कोश्यार के कार्यालयों को पेटब में स्थापित किया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि पूर्व में किन कारणों से इन कार्यालयों को कोश्यार में स्थापित किया गया है, इसे लेकर तमाम सवाल सामने हैं। कोश्यार में तहसील की स्थापना करना एक तुगलकी निर्णय लगता है। इससे जनता को अत्यंत असुविधा हो रही है। पेटब में अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना का निर्णय भी कुछ इस तरह का ही निर्णय है। विधायक किशोर ने डीएम टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार से कहा है कि कोश्यार स्थित कार्यालयों को उपयोग विहीन अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र पेटब में स्थानांतरित किया जाए।

### भाजपाइयों से पीएम मोदी के संवाद को सुना

चमोली : भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संवाद को सुना। नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अनिल नौटियाल, नपा अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष चमोला, प्रदेश सदस्य भुवन नौटियाल, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार डिमरी, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, महामंत्री देवेंद्र नेगी एवं चेतन मनोड़ी, सभासद नवीन नवानी, अरविंद गुसाईं, अनीता डिमरी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# मिस्डकॉल कर प्रधानमंत्री की मुहिम से जुड़ने को कहा

नई टिहरी : नई टिहरी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जन संपर्क अभियान चला कर लोगों से भेंट की। अभियान के दौरान उन्होंने लोगों को केंद्र की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही पार्टी की ओर से जारी मोबाइल नंबर पर मिस्डकॉल कर प्रधानमंत्री की मुहिम से जुड़ने को कहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीते सोमवार सांय को भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के नेतृत्व में नई टिहरी नगर के मॉडल हाउस, कुलणा बाजार, विधि और बसंत विहार में लोगों के घरों में जाकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल नौ साल कार्यकाल के बारे में बताया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है। इन नौ सालों में भारत ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। कहा केंद्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं का पात्र लोगों को पूरा लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की ओर से जारी स्टिगर को लोगों के घरों में चस्पा कर उस पर अंकित मोबाइल नंबर पर मिस्डकाल करने को कहा। मंडलाध्यक्ष गोपीराम चमोली ने कहा कि आगामी दिनों तक रोज सांय को पार्टी कार्यकर्ता नगर में लोगों के घरों में जाकर महाजनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को पार्टी की रीति और नीति से अवगत कराएंगे। अभियान में जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, पूर्व मंडलाध्यक्ष विजय कठैत, सुनीता देवी, रविन्द्र सेमवाल, मंजू चंद, दर्मियान कंडारी, असगर अली, राजेन्द्र डोभाल, शीशराम थपलियाल, पंकज बरवाण, राकेश लवली सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे। (एजेंसी)

### भाजपा की रैली स्थगित

चमोली : 28 जून को गौचर में प्रस्तावित भाजपा की रैली स्थगित हो गई है।

भाजपा के चमोली जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने बताया कि बुधवार 28 जून को महाजनसंपर्क अभियान के तहत गढ़वाल लोक सभा स्तरीय रैली गौचर में प्रस्तावित थी।







## सूचना

सूचित किया जाता है कि शादी से पूर्व मैं कविता रानी पुत्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के नाम से जानी जाती थी। लेकिन अब कविता रानी मित्तल व कविता मित्तल दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः मेरे सारे अभिलेखों में मुझे कविता मित्तल लिखा/पढ़ा जाय।

**कविता मित्तल पत्नी संजय मित्तल निवासी गोखले मार्ग, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल**



## Notice

The General Information That in my High school Certificate my Mother name is mentioned DROPATI DEVI and My Father Name is mentioned SUNIL SINGH RAWAT Which is incorrect. whereas my mother Correct name is DROPADI DEVI and whereas my father Correct name is SUNIL SINGH.

That mention the correct name of my mother DROPADI DEVI and That mention the correct name of my father SUNIL SINGH in my High School certificate.

Ankit rawat s/o Mr. Sunil Singh R/o Near Barthwal Clinic Padampur Sukhro, P.o.- Padampur, Tehsil Kotdwara, Distt- Pauri Garhwal, Uttarakhand.


# सहसपुर की बीडीसी बैठक में छाए रहे बिजली, पानी, बाढ़ सुरक्षा के मुद्दे

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत की त्रैमासिक बैठक में सड़क, बिजली, पानी और बाढ़ सुरक्षा से संबंधित मुद्दे छाए रहे। बैठक से वन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के नदारद रहने पर जन प्रतिनिधियों ने आक्रोश जताया।

सदन के अध्यक्ष पीठ की ओर से नदारद विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई। ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख सीमा नेगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में लोनिवि, शिक्षा, ऊर्जा निगम, ग्राम्य विकास, कृषि–जलागम, सिंचाई, पेयजल, राजस्व व वन विभाग से संबंधित कई समस्या छाई रही। सदन में भाऊवाला, राजावाला क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने पेयजल किल्लत पर कड़ी नाराजगी जताई। बताया कि जल जीवन मिशन के तहत भी यहां पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। क्षेपं सदस्य शैलेश थापली ने बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं होने पर सदन का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि बरसाती नदी, नालों पर पर्याप्त बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं किए गए हैं, जिससे बरसात के दौरान स्थानीय बाशिंदों को नुकसान झेलना पड़ेगा। बताया कि पिछली बैठक में सदन के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को बरसात से पूर्व बाढ़ सुरक्षा कार्य करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अधिकारी सदन में रखी गई समस्याओं को सदन स्थगित होते ही भूल जाते हैं। मीनाक्षी नेगी ने कहा कि बरसात के दौरान आपदा से निपटने के लिए क्या उपाय किए गए हैं,

### एसडीएम युक्ता मिश्रा ने त्यूणी में राजस्व कर्मियों की बैठक

विकासनगर। उपजिलाधिकारी त्यूणी, चकराता युक्ता मिश्रा ने मंगलवार को तहसील कार्यालय त्यूणी में राजस्व कर्मियों की बैठक ली।

बैठक में दुर्गम क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर बरसात में आपदा के मद्देनजर अधिकारी–कर्मचारियों को अपने –अपने क्षेत्र में रहने के निर्देश दिए। कहा कि आपदा के दौरान किसी भी तरह की लपरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

मंगलवार को एसडीएम युक्ता मिश्र ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरिक्षक, रजिस्टार कानूनगो, राजस्व उप निरीक्षकों और तहसील कर्मियों की बैठक ली।

### स्वास्थ्य शिविर में 308 लोगों कराई जांच

चमोली : नीति माणा घाटी कल्याण समिति द्वारा चमोली के सीमांत गांवों में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सीमांत ग्राम गमशाली, मलारी, सुराईथोठा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान नि:शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। शिविर की शुरुआत गमशाली से शुरू हुई। जिसमें 158 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जबकि मलारी में 150 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सूराईथोठा में आयोजित शिविर में भी स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। समिति के महासचिव सत्येंद्र सिंह पाल ने बताया कि समिति के अध्यक्ष डॉ उदय सिंह रावत की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन में नंदा देवी नेशनल पार्क का आभार व्यक्त किया गया। जिन्होंने शिविर के लिए दवाईयां उपलब्ध कराई। मौके पर डॉ. मानसिंह, डॉ. दयाल सिंह बुर्फाल, डॉ. यशोदा पाल, डॉ. कमल सिंह बुटोला, डॉ. गौरांश, डॉ. नवीन, डॉ. सीमा, फार्मेसिस्ट जगदीश, अभय, अभिषेक, कुसुम, राजेश्वरी, दीपा (आशा कार्यकर्ता), नत्था सिंह रावत, बचन सिंह रावत, नरेंद्र राणा, शंकर रावत, उर्मिला, के एस कुंवर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद–हरिद्वार

पत्रांक 449 / Swachch Servekshan-2023/2023-24 दिनांक :- 27/06/23

### सार्वजनिक सूचना

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अन्तर्गत नगर के विभन्न सार्वजनिक स्थानों शौचालय तथा चिन्हित स्थलों पर जन जागरूकता हेतु वॉल पेन्टिंग का कार्य कराया जाता है। जिस हेतु प्रति वर्ग फुट के आधार पर फर्मों/स्वयं सहायता समूह/एन0जी0ओ0 से (समस्त मैटीरियल तथा लेबर सहित) दरों हेतु कॉटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक कॉटेशनदाता दिनांक - 05/07/23 को समय 03:00 बजे तक अपनी कॉटेशन इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। कालांकित कॉटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। शेष शर्तें इस कार्यालय से जानी जा सकती है।

**(चन्द्रशेखर शर्मा)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**
**जनपद–हरिद्वार**

**(अम्बरीश गर्ग)**
**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**
**जनपद–हरिद्वार**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद हरिद्वार

पत्रांक 450 / राज्य वित्त आयोग / 2023-24 दिनांक :- 27/06/23

### अल्पकालीन कोटेशन सूचना

निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके लिये दिनांक 05/07/23 को समय 3.00 बजें सांय तक कोटेशन आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन गठित कमेटी द्वारा नगर पालिका परिषद लक्सर के कार्यालय में खोली जायेगी, कोई एक कोटेशन अथवा समस्त कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/कमेटी में निहित होगा।

| S. N. | कार्य का नाम | Cost | निविदा शुल्क एवं जी0एस0टी0 | जमानत | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं. 07 में रविन्द्र के मकान से महातम के कमान की ओर नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 2.49 | 500+ GST | 12450 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड नं. 04 शिवपुरी पूर्वी में मंदिर के पास सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 1.34 | 500+ GST | 6700 | 30 दिन |
| 3 | वार्ड नं. 04 शिवपुरी पूर्वी में दिनेश के मकान के पास सी0 सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 1.26 | 500+ GST | 6300 | 30 दिन |
| 4 | वार्ड नं. 04 कृष्णापुरी कालोनी मेन रोड से सतीश मास्टर के मकान की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 1.11 | 500+ GST | 5550 | 30 दिन |

शेष जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय/दिवस पर जानी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**



## कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

**संख्या : 83 /नि0सू0/न0प0सतपुली/2023-24** **दिनांक : 27 जून, 2023**

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सतपुली पौड़ी गढ़वाल के क्षेत्रान्तर्गत निम्न वर्णित निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दो लिफाफा प्रणाली (Two bid system) के अन्तर्गत निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। पहला लिफाफा तकनीकी बिड जिसमें सभी तकनीकी (CDR/FDR/NSC/TDR) सहित रजिस्ट्रेशन की प्रति (IT/G.S.T/ ब्लैक लिस्टेट न होने का प्रामाण पत्र) प्रपत्र एवं दूसरा लिफाफा वित्तीय बिड जिसमें निम्न कार्य करने हेतु ठेकेदार द्वारा दरें प्रस्तुत करनी होगीं। निविदाओं के प्रकाशन होने की तिथि से निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 13 जुलाई 2023 को समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय किए जा सकते है। सीलबंद निविदाएँ नगर पंचायत सतपुली कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक 14 जुलाई 2023 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 तक ही स्वीकार की जाऐंगी, जो कि उसी दिन अपराहन् 4:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | योजना मद का नाम | निविदा फार्म का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | पंजीयन श्रेणी | कार्य स्वीकृत लागत (GST सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत सतपुली में सोहन सिंह के घर से सरवीन के घर तक दिनेश डोभाल से बेणी राम के घर तक इंटर लॉक टाइल एवं वार्ड 03 में जल निकासी का कार्य। | रू0 10,000.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 3.26 लाख |
| 2 | नगर पंचायत सतपुली के ढोंडियार में पेयजल टैंक निर्माण एवं श्रोत में सुरक्षात्मक कार्य। | रू0 11,500.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 3.73 लाख |
| 3 | वार्ड 04 में गणेश के घर के पास से बलवीर सिंह के घर तक पैदल रास्ते में खण्डजा, सी0सी0 कार्य। | रू0 13,500.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 4.45 लाख |
| 4 | नगर पंचायत सतपुली के वार्ड 4 में चन्द्र सिंह के गेट से प्रा0 विद्यालय मल्ली सतपुली के ओर जाने वाले रास्ते में ड्राई ईंटों को बिछाने का कार्य। | रू0 18,500.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 2000+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 6.03 लाख |
| 5 | नगर पंचायत सतपुली में दुधारखाल बैंड से पेट्रोल पम्प तक जाने वाले सड़क के दोनों फुटपाथ पर इंटर लॉक टाइल तथा खुली लाइन ड्रेन के कुछ भाग पर एंगल फ्रेम से कवर करने का कार्य। | रू0 18,500.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 2000+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 6.12 लाख |
| 6 | नगर पंचायत सतपुली में पेट्रोल पम्प से विद्या मंदिर जाने वाले सड़क के दोनों फुटपाथ पर इंटर लॉक टाइल तथा खुली लाइन ड्रेन के कुछ भाग पर एंगल फ्रेम से कवर करने का कार्य। | रू0 25,500.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 2000+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 8.37 लाख |
| 7 | नगर पंचायत सतपुली में कन्या स्कूल के पास में बनने वाले पार्क के लिए रैलिंग निर्माण कार्य। | रू0 26,500.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 2000+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 8.82 लाख |
| 8 | नगर पंचायत सतपुली में कन्या स्कूल के पास में बनने वाले पार्क के लिए इंटर लॉक टाइल का निर्माण कार्य। | रू0 27,500.00 | राज्य/15 वॉ वित्त | 2000+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 9.14 लाख |
| 9 | राज्य योजना के अन्तर्गत वार्ड 04 में डबल सिंह के घर के सामने आम रास्ते पर पुस्ता, सी0सी0 तथा रैलिंग एवं उत्तेश्वरी देवी के घर के सामने आम रास्ते पर पुस्ता निर्माण कार्य। | रू0 13,000.00 | अवस्थापना निधि | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 4.23 लाख |
| 10 | राज्य योजना के अन्तर्गत वार्ड 04 में सड़क से सैन सिंह के शौचालय से होते हुए आम के पेड़ तक पुस्ते एवं सी0 सी0 निर्माण कार्य। | रू0 15,000.00 | अवस्थापना निधि | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 4.99 लाख |
| 11 | राज्य योजना के अन्तर्गत वार्ड 04 में अनिल सिंह की गौशाला से मिलन केन्द्र तथा ठाकुर सिंह के घर तक पुस्ता तथा सी0सी0 निर्माण कार्य। | रू0 15,000.00 | अवस्थापना निधि | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 4.90 लाख |
| 12 | राज्य योजना के अन्तर्गत वार्ड 04 में सन्दीप के घर से चन्द्र सिंह के घर की ओर रैलिंग निर्माण कार्य। | रू0 15,000.00 | अवस्थापना निधि | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 4.95 लाख |
| 13 | राज्य योजना के अन्तर्गत वार्ड 04 में चन्द्र सिंह के घर से उत्तेश्वरी देवी के घर की ओर रैलिंग निर्माण कार्य। | रू0 12,500.00 | अवस्थापना निधि | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 4.08 लाख |
| 14 | सतपुली के निकट दंगलेश्वर मन्दिर के रास्ते पर टीन शेड निर्माण कार्य। | रू0 10,500.00 | विधायक निधि | 1500+ 18%GST | 75 दिन | सी0 | रू0 3.50 लाख |

शर्तेः- उपरोक्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति /अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत सतपुली के पास सुरक्षित रहेगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**(सीमा रावत)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**

**(अन्जना वर्मा)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**

## सम्पादकीय

# चुनावी रणनीति में माहिर भाजपा

चुनाव चाहे किसी भी स्तर का हो भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय संगठन यह जानता है कि उसे किस प्रकार से संगठित एवं आयोजित करना है। संसदीय चुनाव 2024 के लिए हालांकि अब अधिक समय नहीं रह गया है लिहाजा भाजपा अपनी चुनावी तैयारियों को लेकर लगातार ट्रैक पर चल रही है। गत लोकसभा चुनावों में बहुमत की जीत के बाद भी भाजपा का चुनावी सेल वर्ष 2024 की चुनावी रूपरेखा के मंथन में जुड़ गया था और पूरे कार्यकाल के दौरान 2024 का चुनाव हो या फिर देश के राज्यों में होने वाले विधानसभा या निकाय चुनाव, भाजपा की तैयारियां कभी ठंडी नहीं पड़ी। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार करने के लिए "मेरा बूथ सबसे मजबूत" मुहिम की शुरुआत कर अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा की तैयारियों का बिगुल फूंक दिया है। राष्ट्रीय स्तर पर इस कार्यक्रम को शुरू करते हुए प्रधानमंत्री मोदी भाजपा कार्यकर्ताओं से जोडने की कोशिश करते हुए दिखे। असल में किसी भी संगठन में नेतृत्व का गुण ही जीत और पराजय की दिशा तय करता है और इस मामले में कम से कम नरेंद्र मोदी शायद सबसे आगे हैं। एक मुखिया का अपने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करना किसी भी दल की मजबूती और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने का सबसे बड़ा मूल मंत्र है। जहां एक तरफ भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए विपक्ष का कुनबा बिहार की राजधानी पटना में एकत्रित हुआ लेकिन किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचा, वहीं भाजपा की चुनावी रणनीति में विपक्ष की यह एकता की राह कोई असर छोड़ पाएगी इस पर अभी संदेह ही किया जा रहा है। देशमें केंद्रीय सत्ता की हैट्रिक जमाने के लिए भाजपा और उनके सहयोगी दल रणनीति में मशगूल है तो वहीं विपक्ष की ओर से अभी भाजपा रथ को रोकने की कोई ठोस रणनीति ही नहीं बन पाई है। विपक्ष की एकता यूं ही हमेशा से ही उपहास का केंद्र बनती आई है क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि भाजपा के विपक्षी दल पहली बार एकजुट हो रहे हो बल्कि इतिहास पर नजर डालें तो सत्तासीन पार्टियों को रोकने के लिए विपक्ष एक मंच पर आने की कोशिश करता रहा है। हालांकि एकता की बुनियाद प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा के आगे कई बार खंडित होती हुई भी नजर आई है। एक प्रश्न घटक दलों को लेकर भी खड़ा होता है और भाजपा की कोशिश भी आगामी लोकसभा चुनाव में यही होगी कि वह अपने दम पर एक बार फिर बहुमत का आंकड़ा हासिल करें ताकि सहयोगी दलों पर निर्भरता कम हो सके। इसी दूरदर्शी दृष्टि के अनुरूप कार्यकर्ताओं को अभी से "मेरा बूथ सबसे मजबूत" मुहिम से जोड़कर क्षेत्र में भाजपा की ताकत को मजबूत बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। स्पष्ट है कि अब लोकसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है और भाजपा की इस चुनावी रणनीति के साथ ही कांग्रेस व दूसरे दलों को भी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपना रोडमैप तैयार करते हुए संगठन को मजबूत करना होगा। विपक्ष के नेता भी यह मान चुके हैं कि अकेले दम पर भाजपा के विजय रथ को रोकना संभव नहीं है लिहाजा कई दलों को एक मंच पर आकर एक "साझा रणनीति" के तहत "न्यूनतम साझा कार्यक्रम" पर सहमति बनानी ही होगी। शिमला में होने वाली विपक्ष की अगली बैठक यह तय करेगी की देश की राजनीति में विपक्ष के दलों का एक मंच पर आना कितना सफल साबित होता है।

# बिपरजॉय से निपटना एक विलक्षण उपलब्धि

**अतुल करवाल**



बेहद भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय 15 जून की शाम 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कच्छ के समुद्र तट से टकराया और उसने पूरे गुजरात और राजस्थान में भारी तबाही मचाई। प्रकृति के ऐसे प्रकोप के सामने आपदा रोधी प्रणाली की एकमात्र उपलब्धि यही रही कि गुजरात में इस तूफान के टकराने के बाद एक भी व्यक्ति की जान नहीं गई। यह ऐसी भयावह आपदाओं का सामना करने की दिशा में राष्ट्र की क्षमता में उत्तरोत्तर हो रही वृद्धि का प्रमाण है, क्योंकि इससे पहले 1999 में ओडिशा में आए सुपर चक्रवात में 9,887 और 2020 में आए सुपर चक्रवात अम्फान में 128 लोगों की मौत हुई थी।

बिपरजॉय से सुनियोजित और समन्वित तरीके से निपटना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है जिसका विश्लेषण और पुनरावृत्ति करने की आवश्यकता है। भारत द्वारा एक के बाद एक तीन बड़ी आपदाओं– 1999 में ओडिशा में आया सुपर चक्रवात, 2001 में कच्छ में आया भूकंप और 2004 में आई सुनामी– का सामना किए जाने के बाद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के समर्पित ढांचे की स्थापना की गई। इस बात का अहसास होने पर कि शमन, जोखिम में कमी और आपदा से निपटने की दिशा में किए गए प्रयास आपदा के समय लाभप्रद रहते हैं, ऐसी भीषण आपदाओं से निपटने की हमारी क्षमता में सुधार लाने पर व्यापक ध्यान दिया जा रहा है। यह इस बात के मद्देनजर भी उचित है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे अधिक आपदाओं की आशंका वाला देश है। केंद्र सरकार ने 2006 में आठ बटालियनों के साथ स्थापित किए गए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की क्षमता को विशेष रूप से मजबूती प्रदान की है और अब इसकी बटालियनों की संख्या बढ़कर सोलह हो गई है। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में आपदा संबंधी तैयारियों और इससे निपटने की कार्रवाई की व्यक्तिगत निगरानी करते हुए भारत को आपदा प्रतिरोधी बनाने पर बहुत जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने 2016 में दिल्ली में एशियाई मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में अपने द्वारा प्रतिपादित 10 सूत्री कार्यक्रम और आपदा रोधी अवसंरचना के लिए केंद्र की स्थापना के द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण का एक विजन भी प्रदान किया; इस पहल में 40 से अधिक देश पहले ही शामिल हो चुके हैं।

बिपरजॉय का सफलतापूर्वक सामना करने में आपदा से निपटने की तैयारी में किसी भी तरह की खामी न होने ने भी योगदान दिया। अरब सागर के पार बिपरजॉय की असामान्य धीमी प्रगति ने हमें इसके लिए पर्याप्त समय दिया। देश के सर्वोच्च पदाधिकारियों की देखरेख और उनके निरंतर प्रोत्साहन और प्रेरणा की बदौलत एनडीआरएफ दुनिया में अपने आप में परिपूर्ण, साल भर सक्रिय, समर्पित आपदा मोचन बल की एक ऐसी अनूठी मिसाल बन चुका है, जिसके पास अब सभी प्रकार की मानव निर्मित और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावशाली रूप से निपटने का सामर्थ्य मौजूद है। यह इस साल 6 फरवरी को तुर्किये में आए विनाशकारी भूकंप में हमारी ओर से की गई प्रतिक्रिया से भी प्रदर्शित हुआ, जब भारत सबसे त्वरित प्रतिक्रिया देने वाले देशों में से एक रहा। इतना ही नहीं, एनडीआरएफ के 152 बचावकर्मियों और पैरा फील्ड अस्पताल के 99 कर्मियों के साथ भारत का दस्ता सबसे विशालतम दस्ता था। प्रशंसा की पात्र है भारतीय वायु सेना; उसके कुशल पायलट और विमान, जिन्होंने हमारे वाहनों तक को तुर्किये पहुंचाया, जिनकी बदौलत हमारे एनडीआरएफ के बचावकर्मी वहां पहुंचने के साथ ही मामूली स्थानीय मदद से सहायता कार्य में जुट गए।

एनडीआरएफ टीमों की अग्रिम तैनाती और अन्य केंद्रीय एजेंसियों और रक्षा बलों की तैयारियों के अलावा, गुजरात सरकार की गहन योजना भी बिपरजॉय में सफलता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। यह संभवतः अकेला सबसे महत्वपूर्ण कारण रहा और इसमें पारंपरिक और अभिनव उपाय भी शामिल रहे। अंतिम असुरक्षित व्यक्ति तक असुरक्षित आबादी की पहचान की गई और 1,43,053 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पेड़ों को उखड़ने से बचाने के लिए उनकी कांट–छांट की गई और 4,317 होर्डिंग्स को उतार दिया गया, ताकि उन्हें तेज रफ्तार हवाओं की चपेट में आकर टूटने और उड़ने वाली घातक वस्तुओं में तब्दील होने से रोका जा सके। ऐसी 1,152 गर्भवती महिलाओं को ऐहतियात के तौर पर पहले ही अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया, जिनके प्रसव का समय चक्रवात के समय ही नियत था और चक्रवात के दौरान 707 बच्चों का जन्म सुरक्षित वातावरण में हुआ। बेहद सख्त प्रशासन तंत्र ने लोगों को उनके घरों के अंदर और जोखिम भरे आचरण करने से दूर रखा। यह सब एनडीआरएफ की 18 और एसडीआरएफ की 12 टीमों की अग्रिम तैनाती से संभव हो सका, जिन्होंने क्या करें और क्या न करें के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए राजी करने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर चौबीसों घंटे काम किया। इन टीमों ने चक्रवात के दौरान और उसके बाद स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य बनाने के लिए भी काम किया।

ऐसी भीषण आपदा से इतने सुनियोजित और समन्वित तरीके से निपटने, एक भी इंसान की मृत्यु नहीं होने देकर जो मानक स्थापित किया गया है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। इसके प्रमुख कारकों में,जिनकी सराहना प्रधानमंत्री ने की है– सामुदायिक जागरूकता, हर प्रत्याशित घटना के लिए गहन योजना और समय से पहले की गई कार्रवाई शामिल है। इस सफलता की पुनरावृत्ति के लिए राज्यों को साल भर सक्रिय रहने वाली, समर्पित, सुसज्जित और प्रशिक्षित एसडीआरएफ की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता की भी आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं; 1980–1999 की अवधि के दौरान दर्ज की गई 4,212 आपदाओं की तुलना में 2000–2019 की अवधि में 7,348 आपदाएं दर्ज की गईं। इनसे निपटने की तैयारी करने के लिए एनडीआरएफ की ओर से एसडीआरएफ की क्षमता निर्माण और अपने स्कूल सुरक्षा कार्यक्रमों और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। एनडीआरएफ अपनी क्षमता में सुधार लाने का निरंतर प्रयास करता है तथा राष्ट्र और समूची मानवता के लिए अपनी सेवाएं समर्पित कर गौरवान्वित महसूस करता है।

**लेखक आईपीएस, महानिदेशक, एनडीआरएफ हैं**

**एनडीआरएफ टीमों की अग्रिम तैनाती और अन्य केंद्रीय एजेंसियों और रक्षा बलों की तैयारियों के अलावा, गुजरात सरकार की गहन योजना भी बिपरजॉय में सफलता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। यह संभवतः अकेला सबसे महत्वपूर्ण कारण रहा और इसमें पारंपरिक और अभिनव उपाय भी शामिल रहे। अंतिम असुरक्षित व्यक्ति तक असुरक्षित आबादी की पहचान की गई और 1,43,053 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पेड़ों को उखड़ने से बचाने के लिए उनकी कांट–छांट की गई और 4,317 होर्डिंग्स को उतार दिया गया, ताकि उन्हें तेज रफ्तार हवाओं की चपेट में आकर टूटने और उड़ने वाली घातक वस्तुओं में तब्दील होने से रोका जा सके। ऐसी 1,152 गर्भवती महिलाओं को ऐहतियात के तौर पर पहले ही अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया, जिनके प्रसव का समय चक्रवात के समय ही नियत था और चक्रवात के दौरान 707 बच्चों का जन्म सुरक्षित वातावरण में हुआ।**

# मणिपुर हिंसा पर कड़े फैसले की दरकार

मणिपुर के हालात संभाले नहीं संभल रहे हैं। उपद्रवियों ने नई दिल्ली में सरकार की तरफ से बुलाई सर्वदलीय बैठक के नतीजों का इंतजार तक नहीं किया।

वहां एक मंत्री के गोदाम को फूंक दिया और उनके घर फूंकने की कोशिश की। यह स्थिति तब है जबकि मणिपुर में इस वक्त रिकार्ड संख्या में सुरक्षाबल और अधिकारी तैनात हैं। विपक्ष का जोर है कि वहां एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा जाए, जो कूकी एवं मैइती समुदाय से बात करे। ये सब प्रयास ऐसे समय अपेक्षित होते हैं और किए भी जाने चाहिए। इससे उस हिंसा पीड़ित राज्य को संदेश जाता है कि उनके मुद्दों को लेकर पूरा देश चिंतित है।

भारत जैसा कोई भी लोकतांत्रिक राज्य किसी सख्ती से पहले इन उपायों को आजमाता है। उपायों को बगैर आजमाए हुए उन्हें विफल करार नहीं दिया जा सकता। लेकिन मणिपुर में उपद्रव का जो ट्रेंड दिख रहा है, उनसे कुछ बातें जाहिर होती हैं। पहली, राज्य की सरकार और उसके मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह जनता का भरोसा खो चुके हैं। बहुसंख्यक मैइती मानते हैं कि वे सरकार का समर्थन करने के बावजूद मर रहे हैं तो कूकी समुदाय भी उन पर भरोसा नहीं करते।

दूसरी, हिंसा में जिस तरह के हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है, वह भयावह है। ये सरकारी संस्थानों से लूटे गए असलहे के अलावा हैं। आशंका है कि इनमें बाहरी हथियार भी हैं। यह गृहयुद्ध की स्थिति है। तीसरी बात यह कि हिंसाग्रस्त क्षेत्रों से दोनों ही समुदायों के लोगों का पलायन हो रहा है। यानी कूकी और मैइती दोनों ही अपनी सुरक्षा के लिए घर छोड़ रहे हैं। ये हालात पूर्वोत्तर के बड़े संकट को दोहराते लगते हैं, जब सरकार को किसी बड़े ऑपरेशन की जरूरत होती है। यह ऑपरेशन अपनी ही पार्टी की सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाने तक हो सकते हैं। इन्हीं परिस्थितियों में 1980 के दशक में पंजाब में केंद्र ने अनुच्छेद 356 के तहत संवैधानिक उपायों का सहारा लिया था और दरबारा सिंह सरकार को तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बर्खास्त कर दिया था। इसके पहले मिजोरम में उन्होंने असाधारण सख्ती की थी। मणिपर के हालात जैसे बिगड़ रहे हैं, उन्हें देखते हुए केंद्र सरकार को ऐसे कदम उठाने की अपरिहार्यता लगती है। बहरहाल, यह बात एक वयस्क लोकतंत्र के आचरण के अनुरूप है कि सभी दल दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर समाधान के प्रति गंभीर हैं और इसके उपाय भी सुझा रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री भी हर दिन इस मसले पर अपडेट होते रहते हैं।

# किसानों की बढ़ रही आमदनी

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण इलाकों में रहती है एवं इसमें से बहुत बड़ा भाग अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है।

यदि ग्रामीण नागरिकों की आय में वृद्धि होने लगे तो भारत के आर्थिक विकास की दर को 10 प्रतिशत से भी अधिक किया जा सकता है। इसी दृष्टि से केंद्र सरकार लगातार यह प्रयास करती रही है किस प्रकार किसानों की आय को दुगुनी की जाए। इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

अप्रैल 2016 में इस संबंध में एक मंत्रालय समिति का गठन भी केंद्र सरकार द्वारा किया गया था एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए सात स्त्रेतों की पहचान की गई थी, इनमें फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करना, पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि करना, संसाधन के उपयोग में दक्षता हासिल करते हुए कृषि गतिविधियों की उत्पादन लागत में कमी करना, फसल की सघनता में वृद्धि करना, किसान को उच्च मूल्य वाली खेती के लिए प्रोत्साहित करना (खेती का वीविधीकरण), किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाना एवं अधिशेष श्रमबल को कृषि क्षेत्र से हटाकर गैर कृषि क्षेत्र के पेशों में लगाना आदि शामिल हैं। इनके सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं एवं कई प्रदेशों में किसानों के जीवन स्तर में सुधार दिखाई दे रहा है, किसानों की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है एवं कुल मिलाकर अब देश के किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण इलाकों में किसानों के लिए पशुपालन की गतिविधि को एक अतिरिक्त स्त्रोत के रूप में बढ़ावा दिया गया है।



पिछले 9 वषी के दौरान केंद्र सरकार द्वारा कृषि के लिए बजट आबंटन में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। वर्ष 2015–16 में कृषि बजट के लिए 25,460 करोड़ रु पए का प्रावधान किया गया था, जो वर्ष 2022–23 में बढ़कर 138,551 करोड़ रु पए का हो गया है। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री किसान योजना प्रारम्भ की गई थी। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 6,000 की राशि, तीन समान किश्तों में, पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे ही केंद्र सरकार द्वारा जमा कर दी जाती है। देश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को भी सफलतापूर्वक लागू किया गया है। प्राकृतिक आपदा में फसल बर्बाद होने की स्थिति में बीमा कम्पनी द्वारा पीड़ित किसानों को हुए आर्थिक नुकसान की क्षतिपूर्ति की जाती है। इससे भारतीय किसानों का आत्म विश्वास बढ़ा है। कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण के लक्ष्य में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। पशु पालन और मत्स्य पालन के लिए प्रतिवर्ष 4 प्रतिशत ब्याज पर रियायती संस्थागत ऋण किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे इन गतिविधियों में किसानों की लाभप्रदता बढ़ी है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से समस्त प्रधानमंत्री किसान योजना के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ दिया गया है। विभिन्न उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन लागत के डेढ़ गुने तक तय किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके कारण कीटनाशक दवाओं एवं उर्वरकों का कम इस्तेमाल होने लगा है एवं इससे किसानों के लिए कृषि पदार्थों की उत्पादन लागत कम हो रही है।

इसी प्रकार, राष्ट्रीय कृषि मंडी (ई–नाम) की स्थापना भी केंद्र सरकार द्वारा की गई है। इससे किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए बेहतर बाजार मिला है। कृषि उपज लाजिस्टिकिस में सुधार करते हुए किसान रेल की शुरु आत भी की गई है। इससे फल एवं सब्जी जैसे पदार्थों के नष्ट होने की आशंकाएं कम हो गई हैं। देश में कृषि और संबंध क्षेत्र में स्टार्ट अप ईको सिस्टम का निर्माण भी किया जा रहा है। उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने के स्थान पर अब किसान की आय बढ़ाने हेतु नीतियों का निर्माण किया जा रहा है। किसानों को 'प्रति बूंद अधिक फसलइ के सिद्धांत का पालन करते हुए, सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस संबंध में सूक्ष्म सिंचाई कोष का गठन भी किया गया है। किसान उत्पादक संगठनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है ताकि किसान अपनी फसलों को उचित दामों पर बाजार में बेच सकें एवं इस संदर्भ में बाजार में प्रतियोगी बन सकें। कृषि क्षेत्र के यंत्रीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि किसान इस मिट्टी में उसी फसल को उगाए जिसकी उत्पादकता अधिक होने की सम्भावना हो। भारत में विभिन्न कृषि उत्पादों के उत्पादन में अतुलनीय वृद्धि के चलते अब भारत के किसान विभिन्न कृषि उत्पादों का निर्यात भी करने लगे हैं। भारतीय कृषि उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही मांग के चलते अब किसानों को इन उत्पादों के निर्यात से अच्छी आय होने लगी है। केंद्र सरकार ने कृषि उत्पादों के देश से निर्यात संबंधी नियमों को आसान किया है। केंद्र सरकार के इन उपायों से वृद्धि हुई है और किसानों की आय में पर्याप्त सुधार हो रहा है। आगे भी इस तरह के प्रयास जारी रहने से खेती–किसानी की हालत सुधरेगी।

# नशे की गिरफ्त में किशोर

थिंक फॉर फोरम ने किशोरों में बढ़ रहे नशे को लेकर अपने रिसर्च प्रोग्राम के ताजा नतीजे साझा किए। उन्होंने पाया वैंपिग डिवाइस यानी तंबाकू निर्मित व अन्य नशीले पदाथरे से बने ई–सिगरेट का सेवन नई उम्र के लोगों को गिरफ्त में लेता जा रहा है। उनका मानना है कि फिल्म–संगीत उद्योग, सोशल मीडिया, यूनिवर्सिटी व स्कूलों में इस पर खुलकर बात होनी चाहिए। अभिभावकों व बच्चों के दरम्यान ऐसे रिश्ते कायम होने पर जोर दिया गया, जहां नशे से होने वाले नुकसान पर खुलकर बात हो।

ग्लोबल एडल्ट टैबेको सव्रे (2016–17) की रपट के अनुसार, भारत में 29 फीसदी वयस्क किसी न किसी तरह के तंबाकू के उपयोग के आदी हैं। 37 फीसदी एक से पांच सिगरेट हर रोज फूंकते हैं जिसके कारण हर साल तकरीबन दस लाख लोगों की जानें जाती हैं।

ई यानी इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पर देश में कानूनन पाबंदी होने के बावजूद यह आसानी से बाजार में उपलब्ध है। यही नहीं, साढ़े चार सौ से ज्यादा ब्रांड भी बाजार में मौजूद हैं।

# मॉनसून में क्यों बढ़ जाती है गालों पर खुजली होने की समस्या, जाने क्या है इसका कारण

बहुत बार ऐसा होता है कि गालों पर खुजली शुरु हो जाती है और बंद होने का नाम ही नहीं लेती है. ये समस्या आपको काफी हद तक परेशान कर सकती है. कई बार ये खुजली अपने आप ठीक हो जाती है लेकिन कई बार ये इतनी ज्यादा हो जाती है कि आपको इससे असहजता भी हो सकती है. गालों पर खुजली किसी भी मौसम में हो सकती है लेकिन ये समस्या मॉनसून के समय ज्यादा देखी जाती है. गालों पर लगातार खुजली होने के कारण आपको कई बीमारी भी हो सकती है. इसलिए इसे नजरअंदाज करना बिलकुल भी सही नहीं है. आइए जानते हैं गालों पर खुजली होने का क्या कारण हो सकता है.

**धूप** गालों पर लगातार खुजली की समस्या का कारण धूप भी हो सकता है. अक्सर धूप में जाने की वजह से या ज्यादा देर धूप में रहने की वजह से सनबर्न हो जाता है जो खुजली का कारण हो सकता है. तो अगर आपकी स्किन सेंसटिव है तो कोशिश करें कि गालों को सीधा धूप के कॉनटैक्ट में ना लाएं.

**गलत प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल** गालों पर खुजली का सबसे बड़ा कारण हो सकता है गलत स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना. बहुत बार ऐसा होता है कि लोग बिना सोचे समझे मेकअप प्रोडक्ट खरीद लेते हैं जो उनके लिए एलर्जी का कारण बन सकता है जिसकी वजह से गालों पर खुजली शुरु हो सकती है. इसलिए कोई भी नया प्रोडक्ट ट्राई करने से पहले उसका पैच टेस्ट जरूर करें ताकी आप होने वाले एलर्जी से बच सकें. इस बात का विशेष ध्यान रखें कि गालों पर ज्यादा कैमिकल वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल ना करें और अपने स्किन के मुताबिक ही प्रोडक्ट को चुने.

**गंदगी** कई बार चेहरे की ठीक से सफाई ना होने के कारण भी खुजली की समस्या हो सकती है. खासकर पुरुषों में अगर वो दाढ़ी बड़ी रखते हैं और ठीक से सफाई नहीं करते हैं तो खुजली होनी शुरु हो जाती है. ऐसे में कोशिश करें कि चेहरे की सफाई के लिए फेस वॉश का इस्तेमाल करें. महिलाएं अपना मेकअप हटाने के लिए डायरेक्ट फेस वॉश के इस्तेमाल से बचें क्योंकि मेकअप के छोटे कण त्वचा में अंदर जाने पर इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं. फेस वॉश की जगह आप गुलाब जल या टोनर का इस्तेमाल कर सकती हैं.

**सोरायसिस बीमारी** कई बार गालों पर खुजली होने की समस्या को हम सामान्य समझकर छोड़ देते हैं लेकिन ये सोरायसिस जैसे स्किन इंफेक्शन के लक्षण हो सकते हैं. ऐसे में अगर लगातार गालों पर खुजली की समस्या के साथ लाल चकत्ते भी दिखाई दें तो डॉक्टर को तुरंत दिखाएं क्योंकि इस बीमारी को टालने से ये बढ़ भी सकती है.

**पित्ती** पित्ती की समस्या के बारे में आपने जरूर सुना होगा. यह एक प्रकार की स्किन एलर्जी है जिसमें त्वचा पर चकत्ते उभर आते हैं और बहुत तेज खुजली होनी शुरु हो जाती है. वैसे तो यह बीमारी कुछ दिन में अपने आप ठीक हो जाती है लेकिन ऐसी समस्या होने पर डॉक्टर को जरूर दिखाएं और कोशिश करें कि पित्ती हो जाने पर खुजली करने से बचें.



गालों पर खुजली से बचने के लिए स्किन को हाइड्रेट रखें. रूखी स्किन के कारण भी खुजली की समस्या होती है. स्किन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बहुत सावधानी से चुनें. मेकअप ब्रश को नियमित तौर पर साफ करें. गालों पर खुजली की समस्या ज्यादा बढने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं.

# सभी पुलों के जोखिम की होगी लगातार निगरानी: गडकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**। हाल में पुल और फ्लाईओवर निर्माण के दौरान हुई दुर्घटनाओं पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि हम गुणवत्ता को लेकर बहुत सतर्क हैं और सभी मामलों की जांच के साथ ठेकेदारों का ट्रैक रिकार्ड भी चेक किया जा रहा है। गडकरी ने कहा कि कुछ घटनाओं के आधार पर कोई दृष्टिकोण बनाना ठीक नहीं है। दुर्घटना और दोषपूर्ण निर्माण में अंतर है।



मोदी सरकार में पिछले नौ साल में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाते हुए गडकरी ने यह भी कहा कि जल्द ही एक डिवाइस के जरिये सभी पुलों की निगरानी की प्रणाली बना दी जाएगी। इससे पुल की सुरक्षा को लेकर न केवल लगातार अपडेट मिलते रहेंगे, बल्कि जोखिम की भी समय रहते जानकारी मिलेगी।

गडकरी ने कहा कि यह स्वदेशी तकनीक है, जिस पर मुश्किल से बीस से पच्चीस हजार रुपये प्रति पुल खर्च आएगा। इसकी मदद से देश में कुल 85,000 पुलों पर लगातार निगाह रखी जा सकेगी।

गडकरी ने कहा कि पिछले नौ सालों में देश का रोड नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़ गया है और अब यह अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। 2013–14 में यह नेटवर्क केवल 91,287 किलोमीटर था, लेकिन आज यह 1,45,240 किमी है। अमेरिका के फेडरल हाईवे एडमिनस्ट्रेशन के अनुसार उसका हाईवे नेटवर्क 2,60,000 किमी है।

चार लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग में भी पिछले नौ साल में दो गुना बढ़ोतरी हुई है। 2013–14 में देश में 18,371 किमी चार लेन हाईवे था, जो अब 44,654 किमी है।

गडकरी ने पिछले नौ साल में उनके मंत्रालय की ओर से बनाए गए सात विश्व रिकार्ड का जिक्र करते हुए कहा कि यह टीम वर्क के साथ तकनीकी प्रगति का ही नतीजा है।

फास्टैग का असरटोल प्लाजा से आने वाले राजस्व में भी लगभग नौ गुना की बढ़ोतरी हुई है। अगर 2013–14 से तुलना की जाए तो यह राजस्व 4770 करोड़ रुपये से बढ़कर 41342 करोड़ रुपये हो गया है।

सरकार 2030 तक इसे 1,30000 करोड़ के स्तर तक ले जाना चाहती है। गडकरी ने बताया कि फास्टैग के इस्तेमाल टोल प्लाजा में प्रतीक्षा का समय घटकर 47 सेकेंड रह गया है। नौ साल पहले इसमें तीन मिनट के करीब लगते थे, लेकिन अब यह समय एक मिनट से भी कम है। सरकार इस समय को 30 सेकेंड के स्तर पर लाना चाहती है, जबकि 2047 तक इसे शून्य कर देने का लक्ष्य है।

गडकरी ने फास्टैग के कारण यात्रा के दौरान अनुभव में आए बदलाव का जिक्रकरते हुए कहा कि इसने टोल भुगतान में क्रांतिकारी परिवर्तन की जमीन तैयार की है। कैश लेन–देन की जरूरत खत्म हुई है। एक रिसर्च के अनुसार इससे अनुमानतः 70,000 करोड़ रुपये के ईंधन की बचत हुई है, क्योंकि लोगों का टोल प्लाजा में इंतजार खत्म हुआ है।

टमाटर की बढ़ती कीमतों की वजह से आम आदमी काफी का बजट हिल चुका है। इसी बीच भारत सरकार ने लोगों को राहत भरी खबर सुनाई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा रखे गए आंकड़ों के अनुसार 27 जून को अखिल भारतीय आधार पर टमाटर की औसत कीमत 46 रुपये प्रति किलोग्राम है। मॉडल मूल्य 50 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अधिकतम कीमत 122 रुपये प्रति किलोग्राम है।

# मोदी सरकार बस और छह माह: ममता बनर्जी

**जलपाईगुड़ी (एजेंसी)**। उत्तर बंगाल को दौरे पर गई पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी आज भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार के बस 6 महीने बचे हैं। ममता ने दावा किया कि अब केंद्र में बीजेपी की सरकार के दिन बस गिनती के ही बचे हैं। भाजपा सरकार बस और 6 महीने चलेगी। चुनाव की बात करते हुए उन्होंने कहा कि फरवरी–मार्च 2024 में लोकसभा के चुनाव होंगे। उक्त बात सीएम ममता ने आज जलपाईगुड़ी जिले में पंचायत चुनाव के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कही। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि, बीएसएफ को निष्पक्ष रूप से काम करना चाहिए क्योंकि भाजपा कल सत्ता में नहीं होगी। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि, मैं सभी बीएसएफ अधिकारियों पर आरोप नहीं लगा रही हूं, वे हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। लेकिन बीएसएफ को निष्पक्ष रूप से काम करना चाहिए क्योंकि कल भाजपा सत्ता में नहीं होगी, लेकिन उन्हें अपना काम करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में माकपा, कांग्रेस और भाजपा एक साथ काम कर रही है। इस चुनाव में उन्हें हराना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ काम करेंगे, लेकिन उनका पर्दापाश करेंगे। बता दें कि पटना में महाजुटान में भाग लेने के बाद ममता बनर्जी ने फिर से माकपा और कांग्रेस और भाजपा पर एक साथ हमला बोला है।ममता बनर्जी ने कहा कि पहले लक्ष्मी भंडार केवल स्वास्थ्य साथी कार्ड वाले पाते थे, लेकिन अब घर की हर महिला को लक्ष्मी भंडार दिया जा रहा है।

## न्यूयॉर्क में भारतीयों के लिए मेयर ने किया बड़ा ऐलान, दिवाली पर स्कूलों में रहेगी छुट्टी

**न्यूयॉर्क , एजेंसी**। न्यूयॉर्क शहर में रोशनी के त्योहार दिवाली पर स्कूलों में छुट्टी रहेगी। अधिकारियों ने यह घोषणा करते हुए इसे भारतीय समुदाय सहित शहर के निवासियों के लिए एक ''जीतइ़ बताया। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य के सदन और राज्य के सीनेट ने न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूल में दिवाली पर छुट्टी रखने संबंधी विधेयक को पारित कर दिया है। उन्होंने सोमवार को सिटी हॉल से की गई एक विशेष घोषणा में कहा, ''हमें विश्वास है कि गवर्नर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप देंगे। एडम्स ने कहा, यह एक जीत हैज् केवल भारतीय समुदाय के महिला व पुरुषों और दिवाली मनाने वाले सभी समुदायों की नहीं, बल्कि यह न्यूयॉर्क की जीत है। इस वर्ष से न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी रहेगी।न्यूयॉर्क की प्रतिनिधि सभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि दो दशकों से अधिक समय से, दक्षिण एशियाई और भारतीय–कैरिबियाई समुदाय ने इस पल के लिए संघर्ष किया है। जेनिफर न्यूयॉर्क राज्य की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली भारतीय–अमेरिकी महिला हैं।

## बारिश ने बरपाया कहर, 24 घंटे में 23 लोगों ने गंवाई जान, 75 से अधिक घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी**। पाकिस्तान में मानसून से पूर्व की बारिश का दौर शुरू हो चुका है और पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश से संबंधित घटनाओं में 23 लोगों ने जान गंवाई है। यह जानकारी अधिकारियों ने देर सोमवार दी। पूर्वी पंजाब प्रांत में आपातकालीन सेवा रेस्क्यू–1122 के प्रवक्ता फारूक अहमद ने कहा कि सभी मौतें तीन अलग–अलग कारणों से हुईं, जिनमें बिजली का झटका लगना, डूबना और बिजली गिरने की घटनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने से नारोवाल जिले में पांच और शेखुपुरा जिले में दो लोगों की मौत हुई है। प्रांत में कम से सात लोगों की डूबने से मौत हुई है। विभिन्न इलाकों में बिजली का झटका लगने से पांच लोगों की मृत्यु हुई है। वहीं, नारोवाल, लाहौर, चिनियट और शेखुपुरा सहित विभिन्न जिलों में बिजली का झटका लगने और दीवार तथा छत गिरने की घटनाओं के कारण कम से कम 75 लोग घायल भी हुए हैं।

## एनआरसी के नाम पर देश के लोगों से की ठगी: अभिषेक बनर्जी

**नदिया (एजेंसी)**। तृणमूल के सांसद व पार्टी के सर्व भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पहले पीएम मोदी दिखायें कागज फिर देश की जनता उन्हें दस्तावेज दिखाएगी। भाजपा द्वारा एनआरसी के नाम पर लोगों को केवल ठगा गया है। उक्त बात अभिषेक बनर्जी ने आज नदिया जिले के कृष्णागंज हासखली इलाके के एक सभा के दौरान कही।यहां उन्होंने एनआरसी का मामला भी उठाया और कहा कि एनआरसी के नाम पर असम में 19 लाख लोगों की नागरिकता केंद्र ने खत्म कर दी। इसमें 12 लाख बंगाली हिंदू हैं। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रहने वाले मतुआ समुदाय को साधने के लिहाज से भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे (भाजपा) नागरिकता का वादा 2019 में कर गए थे और आज तक पूरा नहीं किया। अभिषेक ने कहा कि दरअसल हकीकत यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल धोखा और जुमलेबाजी का प्रतीक है जबकि तृणमूल कांग्रेस का चुनाव चिन्ह भरोसे का प्रतीक है।

# वैगनर के सैनिक घर लौटे या बेलारूस्स जाएं : पुतिन

**मॉस्को , एजेंसी**। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर निजी सैन्य समूह के सदस्यों से देश के रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करने और घर लौटने या बेलारूस जाने का आग्रह किया है। पुतिन ने सोमवार की रात देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैगनर समूह के अधिकांश लड़ाके रूस के देशभक्त हैं और उनका बस इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा, हम जानते है कि वैगनर समूह के अधिकांश लड़ाके और कमांडर भी रूसी देशभक्त हैं, जो अपने लोगों और राज्य के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने ज़ोर दिया कि सशस्त्र विद्रोह के दौरान उनकी जानकारी के बिना उनका इस्तेमाल किया गया था।

उन्होंने कहा कि रूस में विद्रोह के आयोजकों ने देश और उनका अनुसरण करने वालों को धोखा दिया। उन्होंने वैगनर समूह के सैनिकों को देश के रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करने, घर लौटने या बेलारूस जाने का प्रस्ताव दिया। पुतिन ने विद्रोह को रोकने वाले सभी रूसी सैनिकों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों और विशेष सेवाओं को धन्यवाद दिया।

## खराब मौसम की जद में आया सीएम ममता का हेलीकॉप्टर

**कोलकाता (एजेंसी)**। उत्तर बंगाल को दौरे पर गई पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार होते हुए बाल बाल बच गई। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उनका का हेलीकॉप्टर खराब मौसम की जद में आ गया, लेकिन सतर्कता के तहत सीएम को आर्मी एयरबेस पर उतारा गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग कराई गई है। इस दौरान ममता बनर्जी की पीठ और घुटने में चोट आई है। सीएम ममता बनर्जी जलपाईगुड़ी के क्रिन्टी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने के बाद बागडोगरा जा रही थीं।

# क्या बढ़ेंगी बागेश्वरधाम के धीरेंद्र शास्त्री की मुश्किलें?

## खुद को बताया था 'हनुमान', 1 अगस्त को होगी सुनवाई

**मुजफ्फरपुर**। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध दाखिल परिवाद पर एक अगस्त को सुनवाई होगी। यह परिवाद अधिवक्ता सूरज कुमार ने एक मई को अपर न्यायिक दंडाधिकारी–प्रथम पश्चिमी के कोर्ट में दाखिल किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि 24 अप्रैल को राजस्थान के एक कार्यक्रम में उन्होंने खुद को भगवान हनुमान का अवतार बताया था। यह हिंदू धार्मिक भावना का अपमान है। इससे उनकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। अपर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम ने इस मामले की सुनवाई के लिए न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गरिमा सिंह के कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।



दस मई को मामले की सुनवाई के बाद न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) गरिमा सिंह के कोर्ट ने अधिवक्ता को पहले पुलिस के पास मामला ले जाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है तो अदालत इस परिवाद पर सुनवाई करेगी। न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) गरिमा सिंह के स्थानांतरण के बाद इस मामले की न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) जयप्रकाश की कोर्ट में सुनवाई हो रही है। पिछली सुनवाई के दौरान अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया था कि वह अब तक पुलिस में मामला नहीं ले जा सके हैं। इसके लिए उन्होंने और समय देने की कोर्ट से प्रार्थना की थी। कोर्ट ने उनकी अर्जी को स्वीकार कर लिया था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में कोई अर्जी दाखिल नहीं की गई। इसके बाद कोर्ट ने परिवाद की सुनवाई के लिए एक अगस्त की तिथि तय की।

गडकरी ने कहा कि पिछले नौ सालों में देश का रोड नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़ गया है और अब यह अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। 2013–14 में यह नेटवर्क केवल 91287 किलोमीटर था लेकिन आज यह 145240 किमी है। अमेरिका के फेडरल हाईवे एडमिनस्ट्रेशन के अनुसार उसका हाईवे नेटवर्क 260000 किमी है।

## विधि आयोग ने राजद्रोह कानून को बरकरार रखने की दी सलाह, कहा

# मौजूदा हालात को देखते हुए इसे बनाए रखना जरूरी

**नई दिल्ली,एजेंसी** राजद्रोह पर कानून को निरस्त करने की मांग के बीच, विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने मंगलवार को कहा कि कश्मीर से लेकर केरल और पंजाब से लेकर उत्तर–पूर्व तक की मौजूदा स्थिति के कारण देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए देशद्रोह कानून को बनाए रखना बहुत जरूरी हो गया है। पिछले साल मई में जारी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद फिलहाल इसको निलंबित किया गया है।



कानून को बरकरार रखने की पैनल की सिफारिश का बचाव करते हुए, विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी ने कहा कि इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम जैसे विशेष कानून विभिन्न क्षेत्रों में लागू होते हैं, लेकिन राजद्रोह के अपराध को कवर नहीं करते हैं, इसलिए राजद्रोह पर विशिष्ट कानून भी होना चाहिए।

न्यायमूर्ति अवस्थी ने कहा कि राजद्रोह पर कानून पर विचार करते समय पैनल ने पाया कि कश्मीर से केरल और पंजाब से उत्तर–पूर्व तक वर्तमान में जो स्थिति है उसके लिए भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए राजद्रोह पर कानून आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि राजद्रोह कानून औपनिवेशिक विरासत होने के कारण इसे निरस्त करने का वैध आधार नहीं है और अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी सहित कई देशों के पास अपने ऐसे कानून हैं।

पिछले महीने सरकार को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में, न्यायमूर्ति अवस्थी की अध्यक्षता वाले 22वें विधि आयोग ने इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों के साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए को बनाए रखने का समर्थन किया था।

इस सिफारिश से राजनीतिक हंगामा मच गया और कई विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि यह अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दल के खिलाफ असहमति और आवाज को दबाने के लिए इसे बरकरार रखने की सिफारिश की जा रही है। जबकि सरकार ने कहा कि वह सभी हितधारकों से परामर्श करने के बाद विधि आयोग की रिपोर्ट पर तर्कसंगत निर्णय लेगी। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार राजद्रोह कानून को और अधिक सख्त बनाना चाहती है।

आयोग द्वारा प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का उल्लेख करते हुए, अवस्थी ने बताया कि प्रारंभिक जांच निरीक्षक या उससे ऊपर के रैंक के एक पुलिस अधिकारी द्वारा की जाएगी और घटना घटित होने के सात दिनों के भीतर जांच की जाएगी। यदि मामले में सक्षम सरकारी प्राधिकारी को राजद्रोह के अपराध के संबंध में कोई ठोस सबूत मिल जाते हैं, तो धारा 124 ए के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।

कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा, "हमने यह भी सिफारिश की है कि केंद्र सरकार ऐसे दिशानिर्देश जारी कर सकती है, जिनका ऐसे किसी भी अपराध के होने की स्थिति में पालन किया जाना चाहिए।"

न्यायाधीश अवस्थी ने यह भी कहा कि कानून पैनल ने सजा बढ़ाने की कोई सिफारिश नहीं की है। धारा 124ए के मौजूदा प्रावधान के अनुसार, जुर्माने के साथ या बिना जुर्माने के तीन साल तक की सजा हो सकती है और यह बढ़कर जुर्माने के साथ या बिना जुर्माने के आजीवन कारावास तक जा सकती है। उन्होंने बताया, "हमने जुर्माने के साथ या बिना जुर्माने के तीन साल तक की सजा को जुर्माने के साथ या बिना जुर्माने के सात साल तक बढ़ाने के बारे में बात की है।"

उन्होंने कहा कि इससे अदालतों को सजा देते समय विवेकाधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर अदालतों को लगता है कि राजद्रोह का अपराध साबित हो गया है और उन्हें लगता है कि तीन साल की सजा तो कम होगी, लेकिन जेल में आजीवन कारावास की सजा बहुत है, तो ऐसे में आरोपी को जुर्माने के साथ या बिना जुर्माने के सात साल तक की सजा देने का विवेक होगा।"

# अपने बेटे–बेटियों का भला चाहते हैं, उनका भविष्य बनाना है, तो भाजपा को वोट दें: मोदी

**भोपाल (एजेंसी)**। कोई गरीब नहीं चाहता कि उसके बच्चे गरीबी में रहें। लेकिन देश में कई राजनीतिक परिवार हैं, जो गरीब कल्याण के नाम पर अपने बेटे–बेटियों का भला करते रहे हैं। यह आपको तय करना है कि आप किस का भला चाहते हैं? अगर आपको गांधी परिवार का भला करना है, तो कांग्रेस को वोट दें। मुलायमसिंह के बेटे का भला चाहते हैं तो सपा को वोट दें। लालू यादव के बेटों का भला चाहते हैं तो राजद को वोट दें। शरद यादव की बेटी का भला चाहते हैं तो एनसीपी को वोट दें। फारुख अब्दुल्ला के बेटे का भला चाहते हैं तो नेशनल कांफ्रेंस को वोट दें।

के. चंद्रशेखर राव के बेटे का भला चाहते हैं, तो टीआरएस को वोट दें। करुणानिधि के बेटों का भला चाहते हैं, तो डीएमके को वोट दें। लेकिन अगर आप अपने बेटे–बेटियों का भला चाहते हैं, पोते–पोतियों का विकास और भविष्य चाहते हैं, तो भाजपा को वोट दें।

यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मंगलवार को राजधानी के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के 'मेरा बूथ सबसे मजबूतइ़ विषय पर आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में अल्पकालीन विस्तारक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। संवाद कार्यक्रम में देश भर से चुने गए 3 हजार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, वहीं देश की 543 लोकसभाओं के 10 लाख बूथ इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

# उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बताया कि टमाटर के दाम कब कम होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**। देशभर में अचानक टमाटर के दाम बढ़ने से लोग परेशान हैं। देश के कई राज्यों में टमाटर की कीमत 100 रुपये से अधिक पहुंच गई। वहीं, कई शहरों में टमाटर 160 रुपये किलो तक पहुंच गई। दिल्ली में टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलो से लेकर 140 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। नोएडा में टमाटर की कीमत 160 रुपये प्रति किलो पहुंच गई।



टमाटर की बढ़ती कीमतों की वजह से आम आदमी काफी का बजट हिल चुका है। इसी बीच भारत सरकार ने लोगों को राहत भरी खबर सुनाई है।

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बताया कि टमाटर बहुत जल्द खराब होने वाली वस्तु है। जिन क्षेत्रों में अचानक बारिश होती है, वहां परिवहन प्रभावित हो जाती है। यह एक अस्थायी मुद्दा है। कीमतें जल्द ही कम हो जाएंगी। इस मौसम में हर साल टमाटर की कीमत में बढ़ोतरी होती है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा रखे गए आंकड़ों के अनुसार, 27 जून को अखिल भारतीय आधार पर टमाटर की औसत कीमत 46 रुपये प्रति किलोग्राम है। मॉडल मूल्य 50 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अधिकतम कीमत 122 रुपये प्रति किलोग्राम है।बता दें कि चार महानगरों में, दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम, मुंबई में 42 रुपये प्रति किलोग्राम, कोलकाता में 75 रुपये प्रति किलोग्राम और चेन्नई में 67 रुपये प्रति किलोग्राम है।अन्य प्रमुख शहरों यानी बेंगलुरु में 52 रुपये प्रति किलोग्राम, जम्मू में 80 रुपये प्रति किलोग्राम, लखनऊ में 60 रुपये प्रति किलोग्राम, शिमला में 88 रुपये प्रति किलोग्राम, भुवनेश्वर में 100 रुपये प्रति किलोग्राम और रायपुर में 99 रुपये प्रति किलोग्राम रहीं।उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और कर्नाटक के बेल्लारी में टमाटर की सबसे ज्यादा कीमत दर्ज की गई है। गोरखपुर में 122 रुपये प्रति किलो की कीमत से टमाटर बिक रहे हैं।दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मदर डेयरी के सफल स्टोर्स पर टमाटर की कीमतें पिछले एक सप्ताह में दोगुनी होकर लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

# शिवसेना–यूबीटी नेता अनिल परब के खिलाफ केस दर्ज

## चार गिरफ्तार, उद्धव–संजय राउत को अदालत से समन

**मुंबई, एजेंसी**। मुंबई पुलिस ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के एक अधिकारी पर कथित हमला करने के आरोप में राज्य के पूर्व परिवहन मंत्री अनिल परब और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, इस मामले में पार्टी के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी के नेतृत्व में शिवसेना के शाखा कार्यालय में तोड़फोड़ की गई थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वकोला पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान सदा परब, हाजी अलीम, उदय दलवी और संतोष कदम के रूप में हुई है, जो सभी उद्धव गुट के नेता हैं। गुरुवार, 22 जून को ढांचा (शिवसेना का शाखा कार्यालय) ढहा दिया गया था।बीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक, शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं ने सांताक्रूज पूर्व में वार्ड कार्यालय तक मोर्चा निकाला था, जिसमें बांद्रा पूर्व में गोलीबार झुग्गियों, गांधी नगर, जवाहर नगर, महाराष्ट्र नगर और ज्ञानेश्वर नगर जैसे क्षेत्रों में दूषित पानी की आपूर्ति को उजागर किया गया था। इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल सहायक आयुक्त स्वप्नजा क्षीरसागर से मिलने गया।



अनिल परब के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने सोमवार दोपहर पूर्वी मुंबई के सांताक्रूज में बीएमसी कार्यालय जाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके बाद बीएमसी कार्यालय के अंदर हंगामा शुरू हो गया, बहस जल्द ही झड़प में बदल गई।

इस हाथापाई में बीएमसी के एक अधिकारी को दोनों गालों पर थप्पड़ मारा गया, लात मारी गई और धक्का दिया गया, जैसा कि एक वीडियो में देखा जा सकता है। वीडियो में बीएमसी के सिक्योरिटी गार्ड अधिकारी को बचाने का प्रयास करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद हमले का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मुंबई पुलिस ने इसकी पुष्टि की।

पुलिस ने कहा, 'मुंबई की वकोला पुलिस ने उद्धव ठाकरे गुट के नेता और पूर्व मंत्री अनिल परब सहित 15 से अधिक लोगों के खिलाफ बीएमसी अधिकारी पर कथित रूप से हमला करने का मामला दर्ज किया है।' अधिकारी ने कहा, पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उधर, 'सामना' में शिवसेना के विरोधी गुट के नेता राहुल शेवाले के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक लेख प्रकाशित करने को लेकर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पार्टी नेताओं उद्धव ठाकरे और संजय राउत को समन जारी किया है।मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एसबी काले ने मुंबई दक्षिण–मध्य निर्वाचन क्षेत्र से सांसद शेवाले की शिकायत के जवाब में सोमवार को समन जारी किया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे और राज्यसभा सदस्य राउत को 14 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट से ताल्लुक रखने वाले शेवाले ने 'सामना' के मराठी और हिंदी संस्करणों में उनके खिलाफ 'मानहानिकारक लेख' प्रकाशित करने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए सजा) और 501 (मानहानिकारक सामग्री को मुद्रित या उत्कीर्णित करना) के तहत कार्रवाई की मांग की है।

# जिम एफ्रो टी10 ने की प्री—ड्राफ्ट प्लेयर चयन की घोषणा, 2 जुलाई को होगी खिलाड़ियों की नीलामी




हरारे, टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के सहयोग से जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा आयोजित जिम एफ्रो टी10, के लिए 2 जुलाई को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। नीलामी से पहले लीग में शामिल पांच फ्रेंचाइजी ने अपने प्री—ड्राफ्ट मार्की खिलाड़ियों की घोषणा की है।शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली पांच टीमें हरारे हरिकेंस, जॉबर्ग बफ़ेलोज़, डरबन कलंदर्स, बुलावायो ब्रेव्स और केप टाउन सैम्प आर्मी हैं। उद्घाटन संस्करण 20 जुलाई को शुरू होगा, जिसका भव्य समापन 29 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे।

टीम संरचना—

प्रत्येक टीम में कम से कम 16 खिलाड़ी और कम से कम 6 जिम्बाब्वे के खिलाड़ी होने चाहिए, जिनमें से एक जिम्बाब्वे खिलाड़ी को राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज से उभरते खिलाड़ी वर्ग से चुना जाएगा।ड्राफ्ट से पहले, फ्रेंचाइजी में अधिकतम 4 शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हो सकते हैं क्योंकि वे पूर्व—हस्ताक्षरित खिलाड़ी होते हैं। ड्राफ्ट शुरू होने से पहले इन चारों का चयन और घोषणा की जाएगी। प्रत्येक टीम द्वारा पूर्व हस्ताक्षरित शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सूची निम्नलिखित है—

प्री—ड्राफ्ट खिलाड़ी—

हरारे हरिकेंस—इयोन मोर्गन, एविन लुईस, शाहनवाज दहानी, रॉबिन उथप्पा।

केप टाउन सैम्प आर्मी—भानुका राजपक्षे, करीम जन्नत, रहमानुल्लाह गुरबाज़, महेश तीक्षणा।

डरबन कलंदर्स—आसिफ अली, सिसंदा मगाला, जॉर्ज लिंडे, हजरतुल्लाह जज़ई।

जॉबर्ग बफ़ेलोज़—यूसुफ़ पठान, मुशिफकुर रहमान, टॉम बैंटन, नूर अहमद।

बुलावायो ब्रेव्स—सिकंदर रज़ा, एश्टन टर्नर, टाइमल मिल्स, बेन मैक्डरमोट।

जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने कहा, हम जिम एफ्रो टी10 के उद्घाटन संस्करण से पहले अंतिम चरण में हैं।

इससे मुझे बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि इस खेल को हकीकत में देखना पूरे जिम्बाब्वे क्रिकेट परिवार के लिए एक सपना रहा है, और यह देश में खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। मुझे यकीन है कि प्रशंसक पहले दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, टी10 को जिम्बाब्वे में लाना हाल के दिनों में हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर रहा है, और हम उद्घाटन संस्करण से पहले घरेलू स्तर पर टूर्नामेंट का प्रदर्शन, मेरे लिए बहुत संतुष्टि का स्रोत है। यह खेल के इतिहास में एक सुनहरा दिन है, खिलाड़ी ड्राफ्ट के दिन एक और ऐतिहासिक दिन होगा। हम चीजों के शुरू होने और हरारे में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का स्वागत करने का और इंतजार नहीं कर सकते।

# श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा ने रचा इतिहास




## यह कारनामा करने वाले बने दुनिया के पहले स्पिनर

नईदिल्ली, आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले जिम्बांबे में खेले जा रहे है। इन मुकाबलों में रविवार को श्रीलंका ने आयरलैंड को हराकर 133 रन की बड़ी जीत दर्ज की। साथ ही सुपर सिक्स चरण में क्वालीफाई कर लिया। श्रीलंका की जीत के साथ ही स्कॉटलैंड और ओमान ने भी सुपर सिक्स में अपनी जगह बना ली है।इस मैच में श्रीलंका के गेंदबाज वानिंदु हसरंगा ने इतिहास भी रच डाला। हसरंगा ने इस मैच में 79 रन देकर पांच विकेट लिए। आपको बता दें की हसारंगा ने तीसरी बार पांच विकेट झटके है और वो भी लगातार। आयरलैंड से पहले उन्होंने ओमान के खिलाफ 13 रन देकर 6 विकेट लिए थे। वहीं यूएई के खिलाफ उन्होंने 24 रन देकर 5 विकेट लिए जबकि आयरलैंड के खिलाफ हसरंगा ने 79 रन देकर पांच विकेट हासिल किए है।इन पांच विकेट के साथ ही हसरंगा के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। हसरंगा वनडे क्रिकेट में लगातार तीन मैचों में पांच विकेट लेने वाले दुनिया के पहले स्पिनर बन गए हैं। इससे पहले यह कारनामा पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनुस चुके हैं।

# वनडे इतिहास में जिम्बाब्वे ने हासिल की ये बड़ी उपलब्धि, बनाया अपना सबसे हाईएस्ट स्कोर



नईदिल्ली, वनडे वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी इस बार भारत करने जा रहा है। वर्ल्ड कप अक्टूबर नंवबर में खेला जाना है और उसके लिए इस समय क्वालीफायर मुकाबले खेले जा रहे है। इन मुकाबलों में जिम्बाब्वे और यूएसए के बीच सोमवार को मैच खेला गया जिसमें जिम्बाब्वे ने यूएसए को हराकर वनडे की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।आपको बता दें की इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले खेलते हुए वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। जो जिम्बाब्वे के लिए इतिहास में वनडे का सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने पहली बार 408 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया। इससे पहले टीम का हाईएस्ट स्कोर 351 रन था, जो जिम्बाब्वे ने केन्या के खिलाफ 2009 में बनाया था।इस मैच में कप्तान सीन विलियम्स ने विलियम्स ने 174 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 21 चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं यूएस की टीम स्कोर पीछा करने उतरी तो 104 पर ही आलआउट हो गई।

## महिला बास्केटबॉल एशिया कप के पहले मैच में चीन ने लेबनान को हराया

सिडनी, चीन ने सोमवार को सिडनी में चल रहे एफआईबीए महिला बास्केटबॉल एशिया कप के पहले मैच में लेबनान को 89—44 से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की।चीन के लिए हान जू 17 अंक और 10 रिबाउंड के साथ शीर्ष स्कोरर रहीं। जबकि ली मेंग के नाम 12 अंक, पांच सहायता और चार रिबाउंड थे।चीन को कमजोर लेबनान के खिलाफ शुरूआत में कड़ी मेहनत करनी पड़ी, जिसने 2021 में एशिया कप डिवीजन बी जीतकर इस साल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। दुनिया में 44वें स्थान पर मौजूद लेबनान के लिए उनकी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रेबेका रिबैका ने कड़े पहले क्वार्टर में नौ शुरुआती अंक बनाए। लेकिन इसके बाद चीन ने बेहतरीन वापसी की और डब्ल्यूएनबीए में वाशिंगटन मिस्टिक्स के लिए खेलने वाली ली ने लगातार अंक बनाए।

# एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप: भारत का लक्ष्य खिताब बचाना, पवन की वापसी



नई दिल्ली, । भारतीय कबड्डी टीम आज से दक्षिण कोरिया के बुसान में शुरु हो रहे एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 के जरिये तीन साल बाद मैट पर वापसी कर रही है।

भारत की 12 सदस्यीय टीम में कई प्रमुख नाम शामिल हैं जिन्होंने प्रो कबड्डी लीग के सीजन 9 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जैसे अर्जुन देशवाल, नवीन कुमार, असलम इनामदार और नितिन रावल, साथ ही पवन सहरावत भी लंबी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं।

चार दिवसीय प्रतियोगिता में भारत का मुकाबला पांच देशों झ्र ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और हांगकांग से होगा और ग्रुप चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें 30 जून को होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी। एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप सात साल के अंतराल के बाद आयोजित की जा रही है और भारत 2017 में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीतने के बाद गत चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतर रहा है।एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप इस साल के एशियाई खेलों से पहले भारतीय पुरुष कबड्डी टीम के लिए एक आदर्श तैयारी के रूप में काम करेगी।

राष्ट्रीय टीम में कई बदलाव हुए हैं और पुराने खिलाड़ियों [अजय ठाकुर, मंजीत छिल्लर] की जगह युवा प्रतिभाओं ने ले ली है। असलम और मोहित गोयत जैसे खिलाड़ी भारत के लिए पदार्पण कर रहे हैं।

टीम इंडिया के लिए यहां जीत एशियाई खेलों के लिए शुभ संकेत होगी, जहां वे ईरान से ताज वापस छीनने की कोशिश करेंगे।

भारतीय पुरुष कबड्डी टीमः पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल, नवीन कुमार, असलम इनामदार, मोहित गोयत, सचिन तवर, सुरजीत सिंह, नितिन रावल, सुनील कुमार, नितेश कुमार, परवेश भैंसवाल, विशाल भारद्वाज, विजय मलिक [स्टैंड—बाय खिलाड़ी], शुभम शिंदे [स्टैंड—बाय खिलाड़ी]।

# फिल्मी सफर

# ऋतिक रोशन ने जारी किया फाइटर का पहला लुक, इस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



ऋतिक रोशन पिछले काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म फाइटर की तैयारियों में जुटे हुए थे। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनेता दीपिका पादुकोण के साथ नजर आने वाले हैं, जिसका प्रशंसक भी काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। आज अभिनेता ने फिल्म से अपना पहला लुक साझा कर दिया है, जिसे देख प्रशसंक भी उत्सुक हो गए हैं। इसके साथ ही अभिनेता ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है।

ऋतिक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह अकेले ही नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता की पीठ कैमरे की ओर है और वह एयरफोर्स सूट पहने हुए लड़ाकू विमानों के साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने एक लड़ाकू विमान के सामने के हिस्से को छू रहा है। इसके साथ उन्होंने बताया कि फाइटर की रिलीज में 7 महीने हैं और यह 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में आएगी।

फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिनके साथ ऋतिक पहले भी 2 फिल्मों में काम कर चुके हैं। दोनों ने 2014 में बैंग बैंग और 2019 में वॉर में साथ काम किया था। अब तीसरी बार दोनों के इस सहयोग को लेकर दर्शक भी उत्साहित हैं। इसी तरह दीपिका के साथ सिद्धार्थ की पठान के बाद यह दूसरी फिल्म है। फिल्म में दीपिका और ऋतिक के अलावा अनिल कपूर भी अहम भूमिका में हैं। फाइटर भारत की पहली हवाई एक्शन फ्रेंचाइजी होने का भी वादा करती है। इस साल अप्रैल में एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग भी की गई है। के अनुसार, ऋतिक और सिद्धार्थ फाइटर के लिए अब तक का सबसे बड़ा क्लाइमेक्स शूट करने के लिए तैयार हैं। इस क्लाइमेक्स की 120 घंटे से अधिक समय तक शूटिंग होगी, जिसमें फिल्म का लगभग 25 मिनट का स्क्रीन टाइम लगेगा। इसके लिए टीम हवाई शॉट्स के साथ—साथ हैंड—टू—हैंड कॉम्बैट शूट भी करेगी।सिद्धार्थ द्वारा निर्देशित फाइटर यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित है। इसके निर्माण के लिए भारी भरकम बजट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## द केरला स्टोरी की एक्ट्रेस अदा शर्मा इंटरनेशनल फिल्म में बनेंगी सुपरहीरो

द केरला स्टोरी की सफलता से उत्साहित अदा शर्मा जल्द ही एक इंटरनेशनल प्रोडक्शन में काम शुरू करने वाली हैं। एक्ट्रेस फिल्म में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाएंगी। अदा ने इसकी पुष्टि की, लेकिन डिटेल्स को छिपाए रखने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने हमेशा महिला सुपरहीरो को बहुत अच्छा पाया है और मैं केवल इतना कह सकती हूं कि हां, मैं इसकी भूमिका निभा रही हूं और मैं जल्द ही इसके बारे में और चीजें साझा करने का इंतजार नहीं कर सकती। एक्शन एक ऐसी शैली है जिसका हिस्सा बनकर मुझे वास्तव में मजा आता है। उन्होंने आगे कहा, मुझे अलग—अलग तरह की भूमिकाएं करना पसंद है और मैं खुशकिस्मत हूं कि लोग अलग—अलग किरदारों के लिए मेरे बारे में सोच रहे हैं। द केरला स्टोरी के बाद मैंने सोचा कि यह बहुत अलग होगा। मैं किसी प्रोजेक्ट के बारे में तभी बात करना पसंद करती हूं, जब उसका ट्रेलर आता है।

# रिलीज हुआ निखिल सिद्धार्थ की फिल्म स्पाई का ट्रेलर, राणा दग्गुबाती का होगा धांसू कैमियो



बीते साल साउथ फिल्म स्टार निखिल सिद्धार्थ और अदाकारा अनुपमा परमेश्वरम की पहली पैन इंडिया रिलीज फिल्म कार्तिकेय 2 सिल्वर स्क्रीन पहुंची थी। इस फिल्म को देशभर में दर्शकों ने काफी पसंद किया। दिलचस्प बात ये है कि अनुपम खेर के साथ आई साउथ एक्टर निखिल सिद्धार्थ की ये फिल्म बिना किसी बज के थियेटर पहुंची थी। बावजूद इसके फिल्म ने हिंदी दर्शकों को इंप्रेस कर दिया था। जिसके बाद ये फिल्म हिंदी में भी अच्छा बिजनेस हासिल कर ले गई। इस फिल्म के हिट होने के बाद एक बार फिर निखिल सिद्धार्थ अपनी अगली फिल्म से दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी में हैं।

साउथ स्टार निखिल सिद्धार्थ की अगली फिल्म का जबरदस्त ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। कार्तिकेय 2 के बाद अब एक्टर अपनी अगली फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। एक्टर की अगली फिल्म स्पाई का धांसू ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है।

ये फिल्म भी एक्टर की पैन इंडिया रिलीज फिल्म है। जिसे मेकर्स हिंदी में भी रिलीज करने वाले हैं। इस फिल्म का हिंदी ट्रेलर काफी जबरदस्त है। जिसमें एक्टर एक जासूस की भूमिका निभाते दिखेंगे। दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म में बाहुबली स्टार राणा दग्गुबाती भी एक दिलचस्प कैमियो करते दिखने वाले हैं।

फिल्म के ट्रेलर के अंतिम सीन में मेकर्स ने राणा दग्गुबाती की जबरदस्त एंट्री करवाई है। जिससे एक्टर के फैंस भी खुशी से झूमने लगे हैं।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म सत्यप्रेम की कथा का नया गाना पासूरी नू रिलीज




फिल्म सत्यप्रेम की कथा 2023 बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। इसमें कार्तिक आर्यन की जोड़ी एक बार फिर कियारा आडवाणी के साथ बनी है। यह कार्तिक—कियारा की साथ में दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों की जोड़ी भूल भुलैया 2 में बन चुकी है। अब निर्माताओं ने सत्यप्रेम की कथा का नया गाना पासूरी नू जारी कर दिया है, जो पाकिस्तानी सुपरहिट गाना पसूरी का रीमेक है। इस गाने को अरिजीत सिंह और तुलसी कुमार ने मिलकर गाया है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर पासूरी नू साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आधा है दिल मेरा...पूरा तुझसे होवे। अरिजीत के टच के साथ प्यार का जादू महसूस करें। सत्यप्रेम की कथा का निर्देशन समीर विद्वंस द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। इसमें गजराज राव, सुप्रिया पाठक, शिखा तलसानिया और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 29 जून को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

अब सत्यप्रेम की कथा की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को भारत में 2,000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज किया जाएगा, लेकिन अगर फिल्म सफल होती है तो निर्माताओं ने अन्य शो को जोडने़ की योजना भी बनाई है।

# भोला शंकर का टीजर जारी, पावर पैक भूमिका में नजर आए चिरंजीवी



मेगास्टार चिरंजीवी को उनके पुराने स्टाइलिश मास अवतार में देखना हमेशा एक आकर्षक अनुभव होता है। निर्देशक मेहर रमेश भोला शंकर में चिरंजीवी को एक पावर—पैक भूमिका में पेश कर रहे हैं, जो मेगास्टार के साथ उनकी पहली फिल्म है। फिल्म का जन—आकर्षक टीज़र आज लॉन्च किया गया है।

टीज़र की शुरुआत एक वॉयसओवर से होती है जिसमें कहा जाता है कि एक व्यक्ति ने 33 लोगों को बेरहमी से मार डाला है और कोलकाता पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है। टीज़र चिरंजीवी के एक्शन से भरपूर अवतार को दिखाने के लिए आगे बढ़ता है क्योंकि वह अपना स्वैग दिखाते हैं और गुंडों को उनकी मांद में मारने के लिए तैयार हो जाते हैं। टीज़र में कीर्ति सुरेश, तमन्ना भाटिया और सुशांत जैसे अभिनेताओं द्वारा निभाए गए अन्य पात्रों का भी परिचय दिया गया है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने टीज़र के बारे में कहा, मेहर रमेश इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहते थे और चिरंजीवी को एक पुराने सामूहिक अवतार में दिखाना चाहते थे। वह फिल्म में प्रभावशाली संवाद और शक्तिशाली एक्शन दृश्यों को जोडक़र चिरंजीवी को एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति देना चाहते थे। चिरंजीवी के चरित्र को सही उंचाई देने के लिए थीम गीत जोड़ा गया था। कुल मिलाकर, वह एक ऐसा टीज़र बनाने के इच्छुक थे जो उत्साह बढ़ा दे। बाकी कलाकारों की बात करें तो फिल्म में रघु बाबू, मुरली शर्मा, रविशंकर, वेनेला किशोर, तुलसी, सुरेका वाणी, श्री मुखी, उत्तेज, वीर, शाहवर अली और तरुण अरोड़ा गेटअप श्रीनु भी हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com